www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 3 दिसम्बर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –238 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

हार-जीत का दावा करने में जुटे राजनीति दल पृष्ठ 02

■ ग्रामीण रिहायशी इलाके से गृहकर नहीं : शैली
■ राजस्थान में मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय... 03

■ गाजा पट्टी में 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया
■ 'चीन में किसी नई संक्रामक बीमारी की सूचना नहीं' 07

साहित्य
मैं जोहिला : जोहिला के बहाने नर्मदा की कथा पृष्ठ 06

अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का रंगारंग आगाज, बही सुर-लय-ताल की त्रिवेणी पृष्ठ 10

आम चुनाव का सेमीफाइनल आज

# चार राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आज

## मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में होगी वोटों की गिनती, मिजोरम में कल

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। । मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना रविवार को होगी। देश में आम चुनाव में अब छह महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में इन राज्यों के विधानसभा

- तीन राज्यों में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला
- तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस में है सीधी टक्कर

चुनाव को सेमीफाइनल मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता में है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ है। इन तीन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तेलंगाना में 'हैट्रिक' लगाने की उम्मीद कर रही है।

मध्य प्रदेश की 230 सीट, छत्तीसगढ़ की 90 सीट, तेलंगाना की 119 सीट और राजस्थान की 199 सीट के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। राजस्थान में एक विधानसभा सीट पर उम्मीदवार की मृत्यु होने के कारण चुनाव टाल दिया गया था। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है और केवल वैध पास रखने वाले लोगों को ही मतगणना केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। मई में कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से हटाने के बाद कांग्रेस की नजर मध्य प्रदेश और तेलंगाना में जीत पर है और वह राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में सत्ता बरकरार रखने की उम्मीद कर रही है। इन चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन से विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में पार्टी की स्थिति मजबूत होगी। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन बनाया गया है। भाजपा गुजरात की जीत की लय को मध्य प्रदेश में दोहराने की कोशिश कर रही है। गुजरात में भाजपा 1998 से शासन कर रही है। मध्य प्रदेश में चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान फिर से अपनी सरकार बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी जीत हासिल करने की उम्मीद कर रही है और वह लोकसभा चुनाव से पहले हिंदी भाषी राज्यों में अपनी पकड़ फिर से हासिल करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विश्वास जताया कि राजस्थान में भाजपा को बहुमत मिलेगा। इस बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया है कि उन्हें पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत की संभावना वाले कांग्रेस उम्मीदवारों को कर्नाटक के विभिन्न रिसॉर्ट और होटल में ठहराने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।



### मतगणना की सभी तैयारियां पूरीः राजन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज बताया कि प्रदेश की सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 52 जिला मुख्यालयों पर 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना की सभी तैयारियां की जा चुकी हैं। श्री राजन ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की तैयारियों को लेकर आज यहां पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केन्द्र में सुरक्षा मापदण्डों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुरानी पेंशन को लेकर 10 को फिर महारैली

### दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटेंगे सरकारी कर्मचारी

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'पुरानी पेंशन' के मुद्दे पर केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। दिल्ली का रामलीला मैदान, पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों की लड़ाई का गवाह बन रहा है। अभी तक इस मैदान पर तीन रैलियां हो चुकी हैं। अब दस दिसंबर को 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के बैनर तले निर्णायक 'पेंशन जयघोष महारैली' आयोजित होगी। ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत पटेल का कहना है कि 'पेंशन जयघोष महारैली' एक निर्णायक रैली होगी। अगर उस समय तक केंद्र सरकार, पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है, तो उस रैली में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी।

**अभी तक इस मैदान पर हो चुकी हैं तीन रैलियां**

**दस अगस्त को हुई थी पहली रैली**

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को केंद्र सरकार के कर्मियों की पहली रैली हुई थी। इसमें कई राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भी शिरकत की थी। 10 दिसंबर की रैली में भी केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठन हिस्सा लेंगे। लंबे समय से इस रैली की तैयारियां चल रही हैं। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के सदस्य डॉ. मंजीत बताते हैं कि दस दिसंबर की रैली में करीब डेढ़ दर्जन केंद्रीय संगठन और अनेक प्रदेशों की एसोसिएशन/फेडरेशन, शिरकत करेंगे।

केंद्र सरकार के लिए यह रैली एक अल्टीमेटम है। अगर सरकार ने दिसंबर में ओपीएस बहाली को लेकर कोई पुख्ता घोषणा नहीं की, तो जनवरी 2024 से हड़ताल शुरू होगी। केंद्र सरकार की तरफ से जुलाई में ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन से सुझाव मांगे गए थे। सरकार को लिखित में सुझाव दिए गए।

# तमिलनाडु में ईडी अधिकारी 20 लाख की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**चेन्नई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) के अधिकारियों ने राज्य सरकार के एक कर्मचारी से 20 लाख रुपए की उगाही करने के आरोप में केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया और मदुरै में उसके कार्यालय की तलाशी ली। डीवीएसी अधिकारियों ने एक सरकारी डॉक्टर से रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया, जो आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपी हैं। अधिकारियों ने उनकी कार से 20 लाख रुपए नकद जब्त किए, जो उन्हें कथित तौर पर रिश्वत के रूप में मिले थे। इसके बाद ईडी



- एक सरकारी डॉक्टर से मांगी थी रिश्वत
- 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

अधिकारी को पूछताछ के लिए डिंडीगुल स्थित वीएंडएसी कार्यालय ले जाया गया। बाद में उन्होंने शुक्रवार देर रात ईडी के मदुरै कार्यालय और उनके आवास पर तलाशी ली और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए और बाद में अधिकारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तमिलनाडु में यह पहली बार है कि ईडी के किसी अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। डिंडीगुल के डॉ. सुरेश बाबू से मिली शिकायत के बाद वीएंडएसी ने गुरुवार को ईडी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह डिंडीगुल के सरकारी अस्पताल में उपाधीक्षक के रूप में काम करता था। उनके खिलाफ 2018 में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति जमा करने का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले तिवारी ने उनसे संपर्क किया था और उन्हें आरोपों से मुक्त करने के लिए 3 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी। जब डॉक्टर ने बड़ी रकम देने से इनकार कर दिया, तो तिवारी ने उनसे 51 लाख रुपए देने के लिए बातचीत की।

सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 23 दल

# सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : जोशी

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर शुरू होकर से 22 दिसम्बर तक चलेगा। यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। उससे पहले शनिवार को सरकार ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद कहाकि सरकार सदन में सभी विषयों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस बैठक में 23 राजनीतिक दलों के 30 नेता शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। इस बैठक में राज्यसभा में भाजपा के नेता पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। जोशी ने कहाकि बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया गया कि संसद में बहस के लिए उचित माहौल बनाए रखा जाना चाहिए। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बशर्ते चर्चा के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए। सरकार सदन में ढांचागत बहस की अपेक्षा रखती है। जोशी ने कहाकि बैठक में कई तरह के सुझाव सामने आए। विपक्षी दलों की ओर से अल्पकालिक चर्चा और शून्यकाल को लेकर मांग की गई। उन्होंने कहाकि सरकार दोनों सदनों में शून्यकाल हमेशा से चलाती आ रही है। रही अल्पकालिक चर्चा तो इसके लिए नियमों के मुताबिक बहस का माहौल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहाकि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। पिछली बार भी जब विपक्ष ने मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग कर नोटिस जारी किया था। उस समय भी सरकार चर्चा के लिए तैयार थी।

**संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी की विपक्ष से सदन चलने में सहयोग की अपील**



सत्र शांतिपूर्वक चले और जनता से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा हो इसलिए सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई गई जिसमें कई दलों के प्रमुख नेताओं ने अपनी बातें रखीं: प्रह्लाद जोशी, संसदीय कार्यमंत्री

### 3 कानूनों में बदलाव व एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा

शीतकालीन सत्र के दौरान आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण बिल पास करने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा एथिक्स कमेटी, जिसने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों की जांच की थी, सेशन के पहले दिन अपनी रिपोर्ट रखेगी।

देश में सोना खरीदना हुआ मुश्किल

# सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर



**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। शादी के सीजन और कीमती धातु की बढ़ती वैश्विक दरों के बीच भारत में सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। चेन्नई में सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 64,530 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता में कीमती धातु की कीमत 63,760 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी, जो पिछले दिन की तुलना में 810 रुपए अधिक थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार को हाजिर कीमतें 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,069.10 डॉलर प्रति औंस हो गईं। भारत बड़ी मात्रा में सोने का आयात करता है और बढ़ती वैश्विक कीमतों का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में गिरावट जारी है और वर्तमान में यह तीन महीने के निचले स्तर के करीब है, जिससे अन्य विदेशी मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो गया है। ऐसी उम्मीदें भी बढ़ रही हैं कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। कम ब्याज दरों की उम्मीद वित्तीय साधनों को सोने की तुलना में निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है, जिसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। शादी के मौसम के बीच घरेलू बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है क्योंकि दुल्हन और दूल्हे को बड़ी मात्रा में कीमती धातु उपहार में दी जाती है।

**24 कैरेट सोने की कीमत 64,530 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंची**

महुआ के समर्थन में उतरी कांग्रेस

# अधीर रंजन ने आचार समिति के रवैए पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में आचार समिति द्वारा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। माना जा रही है कि सदन के बहुमत से महुआ की सदस्यता खत्म कर दी जाएगी। इससे पहले इस मामले में टीएमसी और कांग्रेस एक साथ आती नजर आ रही है। उन्होंने कहाकि नहीं लगता कि महुआ मोइत्रा ने कुछ गलत किया है। शनिवार को महुआ की सदस्यता खत्म करने को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को खत लिखकर आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा कर दिया है। बिरला को लिखे चार पेज के पत्र में अधीर ने आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा करते हुए संसदीय समितियों के नियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा की मांग की। उन्होंने कहाकि मानवाधिकार समिति और आचार समिति की भूमिका स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा अनैतिक व्यवहार क्या है,इसकी कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं है।



- कांग्रेस नेता ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

# अब मायावती ने की जातिगत जनगणना की मांग

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा कि संसद के आगामी चार दिसम्बर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक में बीएसपी ने सरकार से देश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग पुनः की। सुश्री मायावती ने कहा, अब जबकि इसकी मांग देश के कोने-कोने से उठ रही है, केन्द्र सरकार द्वारा इस बारे में अविलम्ब सकारात्मक कदम उठाना जरूरी है। विभिन्न राज्य सरकारें 'सामाजिक न्याय' की दुहाई देकर आधे-अधूरे मन से कर रही है।

**बसपा प्रमुख ने कहा, देश के कोने-कोने से उठ रही आवाज**


चेतावनी | तेज हवा व बारिश का अलर्ट जारी

# 5 दिसम्बर को आंध्र में तट से टकराएगा तूफान मिचौंग

**नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है। मौसम विभाग ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा।**

- अगले 24 घंटे में चक्रवात का रूप ले लेगा
- तमिलनाडु के कई जिलों में हो रही है बारिश

उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है। वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर के अनुसार 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।



### मुख्यमंत्री स्टालिन ने की समीक्षा बैठक

तमिलनाडु में भारी बारिश की आशंका है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 12 जिला प्रशासन प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम ने अधिकारियों को भारी बारिश से आगाह किया। उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

### समुद्र में न जाने की चेतावनी

मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व के हिस्सों तथा दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में मछुआरों को मछली पकड़ने और किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने की चेतावनी जारी की है।

## सार संक्षेप

### अनुसंधान को साझा कर निपटें चुनौतियों से : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अनुसंधान और नवोन्मेषण को विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शनिवार को कहा कि इन्हें एक-दूसरे के साथ साझा कर दुनिया भर की चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने आज महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के 111 वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अनुसंधान और नवोन्मेषण किसी भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मोदी छवि सुधारने के लिए ले रहे हैं सेल्फी का सहारा : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी गिरती छवि के कारण परेशान हैं और 2024 के आम चुनाव उनकी परेशानी की सबसे बड़ी वजह है इसलिए सेल्फी का सहारा लेकर अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सेल्फी और सेल्फ के प्रति मुग्ध प्रधानमंत्री लोकसभा चुनावों से पहले बेहद असुरक्षित हैं। वह अपनी गिरती छवि को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रवाद से समझौता नहीं : धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र की प्रगति में तेजी लाने के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इससे अर्थव्यवस्था को भारी उछाल मिलेगा।

### दिल्ली जल विभाग ने 50 अधिकारियों को किया बर्खास्त




**नई दिल्ली।** दिल्ली जेल विभाग ने भर्ती प्रक्रिया के सत्यापन के दौरान बायोमेट्रिक्स और तस्वीरों में विसंगतियां पाए जाने के बाद 50 अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने का नोटिस जारी किया है। यह कदम दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) की ओर से कथित विसंगतियों के बारे में रिपोर्ट भेजे जाने के बाद उठाया गया। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा कि डीएसएसएसबी ने सत्यापन किया और कथित तौर पर नौ सहायक अधीक्षकों, 39 वार्डरों और दो मैट्रन के बायोमेट्रिक्स और तस्वीर बेमेल पाया गया।

# देश

उवाच "

लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी नेता तैयार रहें। हम यहां प्रतिभा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व सबसे वास्तविक प्रतिनिधियों द्वारा किया जाए। जम्मू-कश्मीर को बहुत नुकसान हुआ है।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष




| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 24.0 | 12.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 26.0 | 25.0 |

# हार-जीत का दावा करने में जुटे राजनीति दल

■ कांग्रेस का मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान व तेलंगाना में सरकार बनने का दावा ■ भाजपा को राजस्थान व मध्य प्रदेश में बड़ी जीत की उम्मीद ■ चुनाव परिणाम पर रहेगी सभी राजनीतिक दलों की नजर

**नई दिल्ली/भोपाल,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी हार जीत की गणना करने में जुट गए हैं। नतीजों को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि चार राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में उनकी सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि मिजोरम में वह गठबंधन की सरकार बनाएंगे।



वहीं भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का कहना है कि राजस्थान में हमें बड़ी जीत मिलेगी और एग्जिट पोल के नतीजों में भी ऐसा दिखाया गया है। छत्तीसगढ़ में टक्कर की लड़ाई होगी लेकिन हम वहां भी सरकार बनाएंगे। बता दें कि चुनाव नतीजों से पहले ही जोड़-तोड़ की राजनीति भी शुरू हो गई है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार का कहना है कि हमें विश्वास है कि तेलंगाना में हमारी पार्टी आसानी से जीत दर्ज करेगी। हमें ये भी पता है कि हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारे उम्मीदवारों ने बताया है कि सीएम ने उनसे संपर्क साधा है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति का मानना है कि उनकी पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहेगी। बीआरएस सांसद के केशव राव ने दावा किया कि बीआरएस सत्ता में लौटेगी, उन्हें इसका पूरा भरोसा है। राव ने एग्जिट पोल के आंकड़ों और भावी सियासी संभावनाओं पर बात करने से इनकार कर दिया। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कल तीन दिसम्बर को मतगणना के साथ ही न केवल राज्य के लगभग ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा, बल्कि दोपहर बाद तक राज्य की नई सरकार को लेकर स्थिति भी साफ होने लगेगी। राज्य के सभी 52 जिला मुख्यालयों पर कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी, जिसके बाद पूर्वान्ह से ही प्रत्याशियों के भाग्य से जुड़े रुझान सामने आने लगेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मतगणना के हर राउंड के परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरु होगी, उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद हर उम्मीदवार को मिले डाक मतों की घोषणा की जाएगी।

### मिजोरम में कल आएंगे चुनाव परिणाम

चुनाव आयोग ने मिजोरम में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी करने की तारीख तीन दिसम्बर से बदलकर 4 दिसम्बर कर दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम का मिजोरम की राजनीतिक पार्टियों ने भी स्वागत किया है। जोराम पीपल्स मूवमेंट के नेता लालघिंगलोवा ने कहा कि मिजोरम एक ईसाई बहुल राज्य है और यहां रविवार को 90 फीसदी गतिविधियां बंद रहती हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि इससे वोट नहीं बदलेंगे बल्कि सिर्फ मतगणना की तारीख बदलेगी। मिजोरम में कल मतगणना होगी। भाजपा के अध्यक्ष वनलालहुमुआका ने कहा कि इस बार भाजपा के पांच सीट जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य में उन्हें बड़े सुधार की उम्मीद है... हम 40 निर्वाचन क्षेत्रों में तैयारी कर रहे हैं लेकिन हम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे इसका फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व आने वाले दिनों में करेगा। उन्होंने हमें चुनाव लड़ने के लिए 23 सीटें दी हैं...बीजेपी इस बार एग्जिट पोल के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। मिजोरम में एग्जिट पोल करना बहुत मुश्किल है। तेलंगाना कांग्रेस के सांसद उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि हमें मतगणना के लिए जाने नहीं दिया जा रहा है, इसलिए हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि हमें भी चुनाव सर्टिफिकेट दिया जाए। साथ ही हैदराबाद में ओल्ड सिटी में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाताओं ने वोट किया है, जिसके वीडियो फुटेज भी हैं। हमने चुनाव आयोग से इस तरफ ध्यान देने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान में भाजपा प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा के समर्थकों ने शनिवार लगभग सुबह आठ बजे मंदिर की तलहटी से कनक दंडवत लगाते हुए बाबा नीलकंठ के दरबार में पहुंचे। जहां उन्होंने सामूहिक महाआरती की और भाजपा प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा के विजयी होने की मन्नत मांगी। प्रवीण शर्मा ने बताया कि हम लोग भारतीय जनता पार्टी के समर्थक हैं और कल परिणाम आने वाले हैं। उससे पूर्व ही शंकरलाल शर्मा की भारी मतों से जीत की मनोकामना मांगने आए हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशियों से चर्चा की कोई जरूरत नहीं : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतगणना से पूर्व कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दावा किया कि उन्हें प्रदेश के मतदाताओं पर भरोसा है और कांग्रेस को निर्दलीय प्रत्याशियों से चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं है। कमलनाथ ने कहा कि उन्हें एग्जिट पोल से कोई मतलब नहीं है, उन्हें मतदाताओं पर भरोसा है। निर्दलीय प्रत्याशियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशियों से बात करने की कांग्रेस को कोई जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के पास इतनी सीट हैं तो पार्टी निर्दलीयों से बात करने का नाटक क्यों कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**रायपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार यानी तीन दिसम्बर को आएंगे। मतगणना के लिए प्रदेश के 33 जिलों में चुनाव आयोग ने तैयारी कर ली है। आज 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। मतगणना के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेंद्रगढ़ और भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला सात और 17 नवंबर को ईवीएम में बंद हुआ था। कल यानी तीन दिसंबर को मतों की गिनती के साथ ही इनकी किस्मत का फैसला होगा। कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केंद्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्रवाई मतगणना प्रेक्षक और सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति और निगरानी में होगी। इस दौरान हर एक राउंड के खत्म होने पर अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता की उपस्थिति और प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी। मतदान के बाद ईवीएम को सभी जिला मुख्यालयों के स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है।



■ दांव पर लगी कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा
■ कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में होगी मतगणना

पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी की जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे आईपेड, रिकॉर्डर, वीडियो कैमरा जैसे अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में मतगणना आज

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों पर हुए चुनाव के लिए रविवार को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने मीडिया को बताया कि कल सबसे पहले सुबह आठ बजे डाक मतपत्रों से गिनती शुरू होगी और साढ़े आठ बजे से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में पड़े वोटों की गिनती की जाएगी। राज ने कहा कि छह निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर, जहां मतदान केंद्रों की संख्या 500 से अधिक है, प्रत्येक मतगणना केंद्र में 14 मतगणना टेबल होंगी। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना केंद्र केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य सशस्त्र पुलिस बल के त्रिस्तरीय घेरे होंगे।

### बिहार में असफल है शराबबंदी : जीतन मांझी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शनिवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून पूरी तरह असफल है। अगर हमारी सरकार आई तो गुजरात की तर्ज पर शराबबंदी कानून लाया जाएगा या इसे वापस ले लिया जाएगा। शराबबंदी कानून के तहत जितने लोग जेल में बंद हैं उसमे अधिकांश दलित और गरीब हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पकड़े जाने पर जुर्माना देने का प्रावधान किया है, लेकिन प्रतिदिन 400- 500 रुपए कमाने वाले 2,000 और 3,000 कहां से देगा, इसी वजह से वह जेल चला जाता है। बिहार का शराबबंदी कानून कहीं से सही ही नहीं है। यदि मेरी सरकार आएगी तो हम लोग या तो गुजरात के तर्ज पर इस कानून को लागू करेंगे या यूं ही खुला छोड़ देंगे। जिन राज्यों में शराबबंदी नहीं है, वहां आखिर क्या हो रहा है।

### अवैध सामग्री की जब्ती का आंकड़ा सात सौ करोड़ पार

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मद्देनजर चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक नगदी एवं अवैध सामग्री की जब्ती करने का आंकड़ा सात सौ करोड़ रुपए को पार गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा गत नौ अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 703 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध नगदी और अवैध सामग्री जब्त की गई है। प्रदेश में गत विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान की गई जब्ती के मुकाबले अब तक दस गुना बढ़ोतरी हो चुकी है। विधानसभा चुनाव-2018 के दौरान आदर्श आचार संहिता की अवधि में प्रदेश में कुल 70.8 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई थी।

# बिहार में भाजपा को घेरने की तैयारी में जदयू

**पटना,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जदयू लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। हाल ही

■ छह दिसम्बर को रैली का किया आयोजन




में पटना में भीम संसद की सफलता के बाद जदयू भाजपा को घेरने के लिए जिलों में संविधान बचाओ मार्च करने जा रही है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि मार्च का उद्देश्य केंद्र सरकार की संविधान विरोधी कार्य करने, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग करने तथा इतिहास को मिटाने की कोशिश करने के खिलाफ लोगों को जागरूक करना तथा ऐसे कार्यों का विरोध करना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में डॉ.भीम राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर छह दिसम्बर को इस मार्च का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है।

# राजस्थान में मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**जयपुर,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 मतगणना के लिए 1,121 एआरओ की ड्यूटी लगाई गई है। जयपुर, जोधपुर और नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। मतगणना की सभी तैयारियां की जा चुकी हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदण्डों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना का दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्त ने बताया कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारक व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना सेंटर पर प्रत्येक विधानसभा के लिए पृथक-पृथक मतगणना हॉल बनाए गए हैं। जहां आयोग के निर्देशानुसार, टेबलों की व्यवस्था पोस्टल बैलेट एवं ईवीएम की मतगणना के लिए की गई है। मतगणना कर्मियों का रेण्डमाईजेशन त्रिस्तरीय होगा। प्रथम रेण्डमाईजेशन हो चुका है। द्वितीय स्तर का रेण्डमाईजेशन मतगणना के प्रारंभ से 24 घंटे पूर्व किया गया तथा तृतीय रेण्डमाईजेशन मतगणना के दिन सुबह पांच बजे होगा। आयोग द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो जिलों में पहुंच चुके हैं। द्वितीय एवं तृतीय रेण्डमाईजेशन प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि ईवीएम की मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग स्टाफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। इसी प्रकार, पोस्टल बैलेट की गणना टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एक काउंटिंग सुपरवाइजर, दो काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। माइक्रो ऑब्जर्वर केन्द्र सरकार के विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी होंगे। प्रदेश में गणना के लिए 2,552 टेबल लगाए गए हैं।

ईवीएम मतगणना हेतु कुल 4,180 राउंड होंगे। सबसे अधिक 34 राउंड शिव विधानसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 14 राउंड अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होंगे। गुप्ता ने बताया कि ईवीएम/पोस्टल बैलेट की टेबल पर अभ्यर्थी के काउंटिंग ऐजेन्ट रहेंगे, जिनके बैठने का क्रम (1) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, (2) ऐसे मान्यता प्राप्त अन्य राज्यों के राज्यीय दल, जिन्हें उस विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह नियत किया गया है, (3) अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत दल (4) निर्दलीय रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना हॉल तक मशीनें पहुंचने के लिए विधानसभा क्षेत्र वार पृथक-पृथक मार्ग/रास्ता/व्यवस्था निर्धारित की गई है, जिसका सीसीटीवी कवरेज होगा। इलेक्शन ऑब्जर्वर के अतिरिक्त किसी को भी मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है।



■ जयपुर, जोधपुर व नागौर में दो-दो केंद्रों पर की जाएगी वोटों की गिनती
■ विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 1,121 एआरओ की लगाई ड्यूटी

## मतगणना स्थल पर ट्रेंड, टीवी पर भी जारी होंगे रुझान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना केंद्र पर एक पृथक कक्ष में मीडिया सेन्टर बनाया गया है। जहां पर टेलीफोन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मीडिया कर्मियों के लिए आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए मीडिया सेंटर में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड-टीवी के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई है। इससे मीडियाकर्मियों को एक ही स्थान पर राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम उपलब्ध होंगे।

# तेलंगाना में खरीद-फरोख्त के प्रयासों को रोकने के लिए कांग्रेस सतर्क



■ वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों के रूप में हैदराबाद भेजा

**हैदराबाद,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को होने वाली मतगणना और अधिकांश एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिलने के मद्देनजर पार्टी अपने उम्मीदवारों को अपने प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संभावित खरीद-फरोख्त के प्रयासों से बचाने के लिए सभी सावधानी बरत रही है।

कथित तौर पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व स्थिति पर बारीकी से नजर रखने के लिए कुछ वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों के रूप में हैदराबाद भेज रहा है। वे समय-समय पर पार्टी प्रत्याशियों को आवश्यक निर्देश देंगे। अभ्यर्थियों को हैदराबाद पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार शनिवार रात हैदराबाद पहुंचेंगे। बेंगलुरु में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कांग्रेस उम्मीदवारों को लुभाने की कोशिश कर रही है, हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि कोई भी दलबदल नहीं करेगा। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य और विशेष पर्यवेक्षक रमेश चेन्निथला, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष के. मुरलीधरन, बंगाल कांग्रेस नेता दीपा दास मुंशी, कर्नाटक के मंत्री के.जे. जॉर्ज, एन.एस. बोसराजू तथा अन्य के भी आज दिन में हैदराबाद पहुंचने की संभावना है।

## उम्मीदवारों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

यह एक संकेत है कि सभी उम्मीदवारों को हैदराबाद में एक निर्दिष्ट स्थान पर जाने के लिए कहा जा सकता है जहां केंद्रीय पर्यवेक्षक भी मौजूद हो सकते हैं। इस बीच, तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने सभी पार्टी उम्मीदवारों के साथ ऑनलाइन बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टीपीसीसी अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और कुछ अन्य प्रमुख नेताओं के साथ भी बैठक की।

# राजस्थान में दिव्यांग मतदाताओं ने किया 76.16 प्रतिशत मतदान

**जयपुर,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में गत 25 नवम्बर को हुए विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए राज्य के 76.16 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में पांच लाख 60 हजार 450 दिव्यांग मतदाताओं में से चार लाख 26 हजार 833 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इनमें चार लाख 15 हजार 177 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान केंद्र में ईवीएम के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया जबकि इस बार पहली बार शुरु की गई होम वोटिंग के माध्यम से 11 हजार 656 दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। इस बार दिव्यांगों ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जो विधानसभा आम चुनाव-2018 के मुकाबले चार गुना से भी अधिक रहा। वर्ष 2018 के चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं का प्रदेश में कुल 19.02 प्रतिशत मतदान रहा था। प्रदेश में इस बार सबसे अधिक दिव्यांगों का मतदान बांसवाड़ा जिले में 88.96 प्रतिशत रहा। इसके बाद क्रमशः कोटा 85.80 प्रतिशत, करौली 85.50 प्रतिशत, अजमेर 84.58 प्रतिशत एवं हनुमानगढ में 84.18 प्रतिशत रहा।

# भाजपा को बिहार में एक भी सीट नहीं लेने देंगे : अखिलेश सिंह



**पटना,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को दावा किया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को बिहार में एक भी सीट नहीं जीतने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है, जो भारतीय संविधान की आत्मा के प्रतिकूल है। कांग्रेस उसे नफरत फैलाने की इजाजत नहीं देगी। इसलिए 2024 के आम चुनाव में भाजपा को प्रदेश से एक भी सीट नहीं मिलनी चाहिए, ये हमारा दायित्व है। सिंह सदाकत आश्रम में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। हमारी कोशिश कांग्रेस को 1990 की स्थिति में ले जाने की है। इससे पहले तामिलनाडु के डीजीपी रहे बीके. रवि को इस मिलन समारोह के जरिये कांग्रेस में विधिवत शामिल किया गया। सिंह ने रवि को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने रवि की राजनीतिक पृष्ठभूमि की चर्चा की एवं पूर्व डीजीपी को सलाह दिया कि वे बड़े ओहदे से जरूर आये हैं लेकिन लोगों के बीच कार्यकर्ता की हैसियत से काम करके अपनी विश्वसनीयता स्थापित करनी होगी। इस मौके पर रवि ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया।


■ भाजपा पर लगाया धर्म की राजनीति करने का आरोप

चुनाव | पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग की सख्ती का दिखा असर

# चुनावी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई

**नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग की सख्ती और प्रयासों का असर दिखा। अब तक 11 राज्यों में हुए चुनावों में केवल 6 मतदान केंद्रों पर ही पुनर्मतदान हुआ है। वहीं, चुनावी हिंसा की घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर कहीं भी।**

बड़ी हिंसा की घटना सामने नहीं हाई। वहीं, 2019 में हुए आम चुनावों में त्रिपुरा में ही 168 जगहों पर पुनर्मतदान हुआ। वहीं, आयोग सख्ती के कारण 5 राज्यों में 2000 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं, नकदी, उपहार और कीमती वस्तुएं जब्त हुईं। 45 हजार से ज्यादा शिकायतें मिलीं। इसमें पहले सौ मिनट में ही 99 फीसदी का समाधान कर दिया गया। मिजोरम में भी हिंसा की एक भी बड़ी घटना नहीं हुई है। वहीं, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी नक्सल प्रभावित इलाकों में भी लोगों ने जमकर मतदान किया। मध्य प्रदेश में 2018 में 74.97 तो 2023 में 76.22 प्रतिशत मतदान हुआ, छत्तीसगढ़ में पिछली बारे के 76.45 प्रतिशत से इस बार कुछ कम यानी 76.32 फीसदी मतदान हुई।



■ 11 राज्यों में केवल छह केंद्रों पर हुए पुनर्मतदान
■ दो हजार करोड़ रुपए की नशीली दवा व नकदी की गई जब्त

राजस्थान में 74.06 प्रतिशत से बढ़कर 74.96त्न, मतदान हुआ। मिजोरम में 77.4 फीसदी रहा। तेलंगाना में पिछली बार के मतदान 73.37 फीसदी के मुकाबले इस बार केवल 70.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन को लेकर सतर्क है। इसके लिए आयोग आगामी लोकसभा चुनावों से ही एमसीसी के सख्त अनुपालन को लेकर कड़े कदम उठाएगा। इस दिशा में तेजी से कार्रवाई भी शुरू कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर राजनीतिक दलों की एमसीसी समझ पर सवाल उठाया है। अमर उजाला से उन्होंने कहा है कि चुनाव में राजनीतिक दलों की चुनावी आदर्श आचार संहिता की समझ और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य बताते हैं कि या तो उनमें समझ की कमी है, या वह अनर्गल प्रलाप राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। मतगणना को लेकर विधानसभा चुनावों में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कानून-व्यवस्था की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनैतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह से कोई पक्षपात करेंगे।

मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए वैध प्राधिकार पत्र होने के बाद भी यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकता है।

उल्टा पुल्टा

टीचर : अगर एक तरफ पैसा हो और दुसरी तरफ अक्ल हो तो तुम क्या चुनोगे ?
गट्टू : टीचर मै तो पैसा लूंगा।
टीचर : गलत, मैं अक्ल चुनूंगी।
गट्टू : आप की मरजी। जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो उस चीज को चुनता है।

# ग्रामीण रिहायशी इलाके से गृहकर नहीं : शैली

## मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में एमसीडी ने हाउस टैक्स न वसूलने का लिया फैसला



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़ा फैसला किया है। जिसके तहत किसी भी ग्रामीण रिहायशी इलाकों में हाउस टैक्स के नोटिस नहीं भेजे जाएंगे। इसके अलावा न ही उनसे भविष्य में कभी हाउस टैक्स वसूला जाएगा मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी अबसे दिल्ली के किसी भी ग्रामीण रिहायशी इलाके से हाउस टैक्स नहीं वसूलेगी। एमसीडी में भाजपा के 15 सालों के शासनकाल में हाउस टैक्स के नोटिस भेजकर जनता को खूब परेशान किया गया। सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश अनुसार कुछ दिन पहले ही हमने दिल्ली के ग्रामीण इलाकों के प्रधानों से चर्चा की। इसके बाद कल हाउस टैक्स के सभी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर टैक्स ना वसूलने का निर्देश दिया। एमसीडी के सभी अधिसूचित कमर्शियल क्षेत्रों से हाउस टैक्स पहले की तरह ही वसूला जाएगा। उधर डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एमसीडी ने हाउस टैक्स ना वसूलने का फैसला लिया है। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा जनता के हित में काम करती आई है। अब काम की राजनीति की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए इसमें एक नई कड़ी को जोड़ा गया है। भाजपा पिछले 15 सालों तक दिल्ली नगर निगम में रही। और इस दौरान दिल्ली के जितने भी ग्रामीण क्षेत्रों क रिहायशी मकानों को हाउस टैक्स के नोटिस भेजकर वहां की जनता को परेशान किया जाता था। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले ही इन ग्रामीण इलाकों के प्रधानों से हमारी चर्चा हुई और कल ही हाउस टैक्स के सभी अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के निर्देश के अनुसार दिल्ली में जितने भी ग्रामीण और रिहायशी इलाके हैं, अब एमसीडी वहां से हाउस टैक्स नहीं वसूलेगी और ना उसके नोटिस भेजेगी। एमसीडी के जितने भी अधिसूचित कमर्शियल क्षेत्र हैं, वहां से संपत्ति कर पहले की तरह ही वसूला जाएगा।

> एमसीडी में भाजपा के 15 सालों के शासनकाल में हाउस टैक्स के नोटिस भेजकर जनता को खूब परेशान किया गया : शैली ओबरॉय

## स्वतंत्रता सेनानी लाला राम चरण अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी और दिल्ली के पहले उप महापौर, लाला राम चरण अग्रवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आईटीओ पर राम चरण अग्रवाल चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नेता सदन मुकेश गोयल, क्षेत्रीय पार्षद, किरण कुमार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, अरविंदर सिंह लवली, पूर्व सांसद, महाबल मिश्रा, देवेन्द्र यादव, पूर्व सांसद, रमेश कुमार, मुदित अग्रवाल, पूर्व पार्षद, प्रदीप गुप्ता, पूर्व पार्षद, डॉ.आरबी सिंह एवं अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। राम चरण अग्रवाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए महापौर, डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि लाला रामचरण अग्रवाल स्वाधीनता के समय अग्रणी नेताओं में थे और वे महान् देश भक्तों की श्रेणी में आते हैं। स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण वे कई बार जेल भी गए। मेयर ने कहा कि लाला राम चरण अग्रवाल ने समाज के गरीब लोगों के रिहाशयी क्षेत्रों के विकास में गहरी रुचि ली ताकि उन लोगों को अधिकतम नागरिक सुविधाएं मिल सकें।

## सहनशीलता विनम्रता अनुशासन का प्रतीक : निरंकारी यूथ



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। निरंकारी मिशन द्वारा तीन दिवसीय निरंकारी यूथ सिम्पोजियम का आयोजन किया। जिसमें हरियाणा, दिल्ली एवं एनसीआर से लगभग 25,000 नौजवानों ने हिस्सा लिया। पहले दिन निरंकारी यूथ फोरम एनवाईएफ खेल का सुंदर रूप सजा जहां रंगारंग उद्घाटन समारोह में सतगुरु माता जी के आशीर्वादों के पश्चात् नौजवानों ने, क्रिकेट, बेडमिनटन, वॉलीबाल, फुटबॉल आदि खेलों के साथ-साथ कुछ इनडोर खेलों में भी हिस्सा लिया जिससे उन्होंने सार्थक ऊर्जा के साथ सभी खेलों से कुछ शिक्षाएं भी प्राप्त करी। निरंकारी यूथ सिम्पोजियम एनवाईएस प्रांगण में बनाया गया एनवाई एस विलेज अवश्य ही सबके लिए आकर्षण का केंद्र है जहां पर हरियाणा की स्थानीय परम्परा आदि को प्रदर्शित किया जा रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के साथ-साथ मिशन के कई अधिकारी भी इस अधिवेशन में सम्मिलित हुए। सतगुरु माता जी द्वारा निरंकारी यूथ फोरम का शुभारंभ करने के उपरांत युवा श्रद्धालुओं द्वारा बहुरंगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर छठा का प्रस्तुतिकरण किया गया जिसमें उन्होंने शारीरिक व्यायाम, क्रीड़ा एवं लोक नृत्य के माध्यम से अपने सुंदर भावों को प्रदर्शित किया। निरंकारी यूथ सिम्पोजियम में हरियाणा प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी ने पहुंचकर सतगुरु माता जी के आशीष प्राप्त किए और युवाओं द्वारा की गई प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि आज के समय में अधिकांशत: युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण न होने की वजह से गलत संगति को अपनाते हुए अनेक प्रकार के नशे की लत की सहायता लेते हुए उसके अधीन हो जाते है जिससे न केवल वह स्वयं अपितु परिवार एवं समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

**सार संक्षेप**

### ओम प्रकाश सोनी के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** उर्दू डिवलैपमेंट आर्गेनाइजेशन (यूडीओ), यूनाइटेड मुस्लिम ऑफ इंडिया (यूएमआई) और प्रमुख उर्दू पत्रकारों ने एक बयान में अमृतसर के वरिष्ठ उर्दू पत्रकार ओम प्रकाश सोनी की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इनके निधन से उर्दू पत्रकारिता को बड़ी क्षति पहुंची है। पूर्व संसद, साप्ताहिक समाचार पत्र अखबार ए नो के प्रधान संपादक और भारत के पूर्व राजदूत मीम अफजल ने ओम प्रकाश सोनी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह पत्रकारिता के उच्च मूल्यों का हमेशा सम्मान करते थे। उनका जीवन अत्यंत निष्पक्षता और सच्चाई के साथ पत्रकारितामय था। वह सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास करते थे जिसे उनके लेखन में देखा जा सकता है। उनके निधन से पंजाब में उर्दू पत्रकारिता का एक अध्याय बंद हो गया। याद रहे कि 22 नवम्बर 2023 को 94 साल की उम्र में अमृतसर में उनका निधन हो गया था।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने कोडिंग पर किया मास्टर क्लास का आयोजन

**नई दिल्ली।** इनोवेशन और लर्निंग स्पिरिट को बढ़ावा देने के लिए किये गए एक एक्साइटिंग कोलैबरेशन में, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल ने आईआईटी बॉम्बे की सोशल बॉडी अभ्युदय के सहयोग से कोडिंग पर एक मास्टरक्लास का आयोजन किया जिसमें आईआईटी बॉम्बे के टॉपर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। भारत की अग्रणी के12 स्कूल श्रंखला, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने अपने सबसे बड़े राष्ट्रव्यापी टेक कार्निवल, मेकेथलोन 2023 का आयोजन किया जिसमे भारत भर के उनके छात्रों की ब्रिलियंस, इनोवेशन और क्रिएटिविटी की झलक नजर आई। इसमें पायथन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग विषयों पर विशेष मास्टरक्लास आयोजित की गई जिसका उद्देश्य टेक्नोलॉजी की तेजी से विकसित हो रही दुनिया के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल के साथ युवा दिमाग को सशक्त बनाना था। आयोजन में क्यूरियस यंग माइंडस की भागीदारी के बारे में बताते हुए, सुधा राजमोहन, वीपी अकादमिक, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल कहती हैं, हमारा ओसीएफपी पाठ्यक्रम छात्रों को स्टेम के बारे में प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है जो छात्रों के मैथ्स, फिजिक्स व केमिस्ट्री के ज्ञान के आधार को पोषित करेगा व उन्हें प्रेरित करेगा।

### जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी सोमवार 4 दिसम्बर को जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस बात की जानकारी मोहन बड़ाईक, राष्ट्रीय अध्यक्ष मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आमंत्रित सदस्यों में जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नापूर्णा देवी, केंद्रीय पेट्रोलियम गैस, लेबर एवं एम्प्लोईमेंट राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्य मंत्री जॉन बारला, पूर्व मुख्यमंत्री झारखण्ड बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस सम्मान समारोह में भगवान बिरसा मुंडा जी विचारों को बुद्धिजीवी वक्ताओं के माध्यम से कार्यक्रम सभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे और कई समाजसेवियों को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जनजातीय गौरव आवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## प्रगति मैदान में इंटरनेशनल हार्डवेयर फेयर इंडिया का हुआ आगाज

### उद्योग जगत के दिग्गज ले रहे प्रदर्शनी में हिस्सा




**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में शनिवार से इंटरनेशनल हार्डवेयर फेयर इंडिया (एचआईएफ इंडिया) की शुरूआत हुई, इसी के साथ भारत में हार्डवेयर उद्योग का नया दौर शुरू हुआ है। कोलन्मैस्से द्वारा आयोजित पहला संस्कण दुनिया की सबसे बड़ी हार्डवेयर टूल एवं एक्सेसरी प्रदर्शनी है, जो हार्डवेयर उद्योग को नई गति प्रदान करेगी। इंटरनेशनल हार्डवेयर फेयर इंडिया हार्डवेयर कम्युनिटी के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। उद्योग जगत के दिग्गज, अग्रणी निर्माता, खरीददार, नीतिनिर्माता और हितधारक इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रदर्शनी ने पूरे हार्डवेयर समुदाय को पेशेवर मंच उपलब्ध कराया है। 200 से अधिक इंटरनेशनल प्रदर्शकों और 7000 से अधिक खरीददारों के साथ आईएचएफ दुनिया भर से आधुनिक प्रोडक्ट्स और समाधान लेकर आया है। भारत, ताईवान, जर्मनी, चीन, तुर्की, कोरिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह का आयोजन आर के राय, डायरेक्टर ऑफिस ऑफ डेवलपमेन्ट कमिश्नर, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, अरूण कुमार, गरोडिया, चेयरमैन, इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया और मिलिंद दीक्षित मैनेजिंग डायरेक्टर, कोलनमैस्से और उद्योग जगत के अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में किया गया।



■ नई दिल्ली में डोर टू डोर अभियान 'मैं भी केजरीवाल' के दौरान स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करतीं दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी। आप ने लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया कि क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अगर उन्हें भाजपा द्वारा साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है। फोटो इम्तियाज खान

## हमलावरों ने मणिपुर के व्यक्ति और परिवार को पीटा

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण-पूर्व दिल्ली में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने एक मणिपुर व्यक्ति, उसकी पत्नी और बहनों को अज्ञात कारणों से पीटा। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, सनलाइट कॉलोनी थाने को शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे किलोकरी गांव में झगड़े की सूचना मिली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के डीसीपी राजेश देव ने कहा कि पूछताछ में पता चला कि झगड़ा हुआ था और एक शख्स की पिटाई हुई थी, जिसे पीसीआर वैन से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस बीच, एक मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) के बारे में जानकारी मिली और एम्स की एक पुलिस टीम ने घायल, मणिपुर के मूल निवासी, जो वर्तमान में जीवन नगर (आश्रम) में रह रहा है, उसकी रिपोर्ट एकत्र की। एमएलसी के अनुसार, व्यक्ति के घुटनों पर खरोंच, लालिमा, आंखों में सूजन और माथे के बाईं ओर सूजन थी। बाद में थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11.30 बजे खाना खाने के बाद वह अपनी बहन, दोस्त और पत्नी के साथ इलाके में एक दोस्त को उसके घर छोड़ने जा रहे थे।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक व युवती की मौत



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर स्थित घड़ौली गांव और न्यू अशोक नगर की सपेरा बस्ती में युवती व युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त किरण (22) और हेमराज (27) के रूप में हुई है। दोनों एक ही तरह का जहरीला पदार्थ खाकर अपने-अपने घर पहुंचे थे। परिजन इनको अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

पुलिस को इनके पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इनकी मौत का एक-दूसरे से कोई संबंध है या नहीं इसकी पड़ताल की जा रही है। हालांकि एरिया में चर्चाएं हैं कि दोनों एक दूसरे को जानते थे और दोनों ने एक साथ जान दी। दोनों एक दूसरे से परिचित थे या नहीं और दोनों ने ऐसा कदम क्यो उठाया इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसकी पड़ताल कर रही है। दोनों की मोबाइल कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है।

हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दोनों की मौत से कोई संबंध होने की बात से फिलहाल इनकार रहे हैं। मृतक हेमराज शादीशुदा था जबकि किरण अविवाहित थी। पुलिस इनके परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

## भाजपा के दबाव के कारण ही संपत्ति कर नोटिस वापस लिए : सचदेवा



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के गांव देहात के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं के लगातार विरोध के दबाव में एमसीडी को दिल्ली देहात के गांवों में लोगों को जारी किए गए लाखों नोटिस वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आगामी 2024 के चुनाव में लोगों के क्रोध के डर से आप को ये नोटिस वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

सचदेवा ने कहा कि एमसीडी की मासिक बैठक में जब यह विषय चर्चा में आया तो एमसीडी में भाजपा पार्षदों ने गांवों पर लगाए जा रहे संपत्ति कर का कड़ा विरोध किया। सचदेवा ने कहा कि उन्होंने दिल्ली देहात के भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल और दिल्ली की 360 गांव पंचायत के सदस्यों के साथ दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की थी और नोटिस वापस लेने की पंचायत की मांग को समर्थन दिया था। दिल्ली भाजपा नेताओं ने नियमित रूप से दिल्ली के लोगों द्वारा आयोजित धरनों और विरोध प्रदर्शनों में भाग लेकर उन्हें समर्थन दिया और इसने आम आदमी पार्टी को परेशान कर दिया और अंतत: दिल्ली के मेयर को संपत्ति कर नोटिस वापस लेने की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**आयोजन** *मयूर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित*

## छात्रों को प्रेरणादायक शब्द कहकर बढ़ाया हौसला

**नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। मयूर पब्लिक स्कूल आई पी ऐक्सटेंशन दिल्ली ने जूनियर विंग वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह-पंच तत्व निर्माण और विनाश मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अचिन गर्ग, आईपीएस अडिशनल डीसीपी पूर्वी दिल्ली के कर कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका पंचतत्व-निर्माण और विनाश रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने पंच तत्वों को सम्मान देते हुए दर्शक वर्ग को यह संदेश दिया कि पंच तत्वों की साधना और संरक्षण से ही हम जीवित रह सकते हैं।**

समारोह में अति विशिष्ट अतिथि संदीप शर्मा, सचिव, बार एसोसिएशन, दिल्ली उच्च न्यायालय, भूपेश कुमार एसएचओ, मंडावली, महेश कुमार, प्रधानाचार्य व महेंद्र कुमार उप प्रधानाचार्य, सर्वोदय बाल विद्यालय ने उपस्थित थे। अचिन गर्ग ने शैक्षणिक और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरणादायक शब्द कहकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में स्कूल की उपलब्धियों की भी सराहना की । उन्होंने अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे छात्रों को उनके व्यक्तित्व व प्रतिभा को निखारने के लिए पर्याप्त और विविध अवसर प्रदान करके जीवन में उनकी महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने में मदद कर रहे हैं । उन्होंने अपने अभिभाषण द्वारा उत्साह पूर्ण शब्दों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि विद्यालय में ऐसे होनहार छात्र एवं छात्राएं हैं तो देश का भविष्य सुरक्षित एवं समृद्ध होगा। अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रधानाचार्या स्वाति वर्मा ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक, खेलकूद तथा अन्य प्रतियोगिताओं का विवरण दिया और अभिभावकों से अपेक्षा की कि इसी तरह अपने बच्चों का पढ़ाई व खेलकूद में सहयोग दें। उन्होंने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय के अध्यक्ष एम एस रावत ने उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत किया।



■ शैक्षणिक और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित
■ नृत्य नाटिका पंचतत्व-निर्माण और विनाश रहा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/कंक्रीट स्लीपर प्लांट, उत्तर रेलवे, खालिसपुर-वाराणसी द्वारा ई-टेंडर संख्या-सी.एस.पी.-के.एस.एफ._05_2023-24 दिनांक 30.11.2023 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 29.12.2023 समय 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर नं. | सीएसपी-केएसएफ_05_2023-24 दिनांक 30.11.2023 समय 17:22 बजे | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "आईएस-383-1970 के अनुसार स्टोन चिप्स (20 मिमी और 10 मिमी आकार) और मोटे रेत की आपूर्ति दिए गए स्रोतों/खदानों से सड़क परिवहन द्वारा कंक्रीट स्लीपर प्लांट, खालिसपुर, वाराणसी को की जाती है, जिसमें लोडिंग, लीडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग परिसर में शामिल है। कंक्रीट स्लीपर प्लांट, उत्तर रेलवे, खालिसपुर वाराणसी केएक्सईएन/सीएसपी/खालिसपुर-वाराणसी का क्षेत्राधिकार। | | |
| मात्रा | शेड्यूल के अनुसार | टेंडर फार्म की लागत | 0.00 |
| अनुमानित लागत | ₹1,40,67,780.00 | धरोहर राशि | ₹2,20,300.00 |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.12.2023 को 15:00 बजे | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |

नोटः उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की निविदा दस्तावेज सहित पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

टेंडर नं.- सी.एस.पी.-के.एस.एफ._05_2023-24 दिनांकः 30.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3786/2023

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

विजयनगर क्षेत्र के रहने वाले संजय कुमार का एक महीने पहले एक एक्सीडेंट हुआ था। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनके हाथ और पैर में फैक्चर मालूम पड़ा। जिनका ऑपरेशन होना था। लेकिन ऑपरेशन के लिए जरूरी साजो सामान खरीदने के पैसे संजय कुमार के पास नहीं थे। इस वजह से बीते एक महीने से वह ऑपरेशन के बिना ही बेबसों की तरह जिंदगी जीने को मजबूर थे।

**डॉ. त्यागी**

## कार की खिड़की से बाहर निकल स्टंट करती युवती

**नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। सोशल मीडियो पर एक वीडियो शनिवार को वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवती कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट कर रही है। पीछे से आ रहे किसी व्यक्ति ने इसकी वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। तब से लोग ट्विट करके सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे है। ये वीडियो 29 सेकंड का है और ग्रेनो वेस्ट के एक मूर्ति के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में सड़क पर तेज रफ्तार दिल्ली नंबर कार जा रही है। जिसमें एक लड़की खिड़की के बाहर निकली स्टंट करती दिख रही है। इस मामले में नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर 23 हजार 500 रुपए का चालान किया है।



■ **वीडियो वायरल, नंबर प्लेट के आधार पर 23 हजार 500 का चालान**

दरअसल जिस सड़क का ये वीडियो है वहा पीक में बहुत गाड़ियां चलती है। बताया गया कि ये वीडियो देररात का है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की वो इस तरह के स्टंट नहीं करे। ये हादसे को दावत देने जैसा है। इससे जान का खतरा है। फिलहाल वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही ट्रैफिक पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और चालान किया।

# नोएडा प्राधिकरण की भ्रष्टाचारी इमारत

## आईआईटी रिपोर्ट में खुलासा, 12 स्थानों पर कमजोर

**नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण अपनी ही इमारत के निर्माण को भ्रष्टाचार से नहीं बचा सका। इस इमारत का निर्माण सेक्टर-96 में हो रहा है। नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर की गुणवत्ता पर आईआईटी दिल्ली ने भी सवाल उठाए हैं। आईआईटी ने प्राधिकरण को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि उसने इमारत के 12 हिस्सों से सैंपल लिए थे। इन हिस्सों की मजबूती कमजोर पाई गई। इससे पहले नोएडा प्राधिकरण के सलाहकार ने भी इस इमारत की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। चौकाने वाली बात ये है ये सैंपल तब लिए गए जब इमारत में 131 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके थे। दरअसल, तत्कालीन प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के ट्रांसफर होने के बाद वर्तमान सीईओ डॉ. लोकेश एम ने इस इमारत का जायजा लिया। इनको भी काम की गुणवत्ता में कमी नजर आई थी। सीईओ डॉ. लोकेश एम ने पाया था कि बिल्डिंग की स्ट्रक्चरल डेवलेपमेंट में बहुत खामियां हैं। उन्हें बिल्डिंग की फिनिशिंग, पिलर की स्थिति, डिजाइन स्ट्रक्चरल स्टैबिलिटी सही नहीं मिली। सीईओ ने आईआईटी दिल्ली से स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद आईआईटी ने जांच की और अब रिपोर्ट प्राधिकरण को सौंप दी है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान आईआईटी ने इस इमारत के अलग-अलग 12 हिस्सों से सैंपल लिए थे। टीम ने पिलर, कॉलम, छत से सैंपल लिए थे। सैंपल के आधार पर सामने आया कि इनकी मजबूती थोड़ी कमजोर है। इसके अलावा बेसमेंट में पानी भरने से भी काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में आईआईटी ने सभी बीम और कॉलम की बारीकी से जांच कराने का सुझाव दिया है। इसके लिए किसी रेट्रो स्पेक्टिव का काम करने वाली संस्था की मदद ली जाए।

**62 प्रतिशत काम पूरा 131 करोड़ खर्च के बाद पता चला कमजोर है इमारत**

सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण की नई इमारत की डेड लाइन एक जनवरी 2024 तय की गई है।



इसके निर्माण को तीन बार एक्सटेंशन मिल चुका है। इमारत का 62 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसकी पहली निर्माण कंपनी प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड इसका निर्माण कर रही है। जोकि प्रिंट रेट से 8.88 प्रतिशत अधिक है। प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को 2019 तक निर्माण पूरा करना था। तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही।

जिस समय कंपनी ने काम करना बंद किया उस समय तक वो टावर-1 में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर

■ **131 करोड़ रुपए हो चुके है खर्च**

और टावर-2 में ग्राउंड प्लस सात फ्लोर और ऑडिटोरियम का स्ट्रक्चर कार्य पूरा कर चुकी थी। यही नहीं टावर-1 में तीसरे फ्लोर तक प्लास्टर कार्य व स्टोन फ्लोरिंग दूसरे फ्लोर तक कर चुका था। यानी कुल लागत बजट 367 करोड़ के सापेक्ष फर्म की ओर से 131 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका था।

**दो साल तक काम रहा बंद फिर रिस्क एंड कास्ट पर जारी हुए टेंडर**

दो साल तक काम बंद रहने के बाद प्राधिकरण ने अक्टूबर में दोबारा से कार्य के लिए निविदा जारी की। इस बार 11 अक्टूबर 2022 को एसटी कंस्ट्रक्शन के साथ प्राधिकरण ने एग्रीमेंट साइन किया। कंपनी ने बचे हुए काम को 92 करोड़ 37 लाख रुपए में पूरा कर रही है। ये काम 2024 जनवरी तक पूरा करना है। खास ये है कि ये टेंडर रिस्क कास्ट पर जारी किए गए। अब आईआईटी की रिपोर्ट के बाद फिर से इमारत के निर्माण पर प्रश्न चिन्ह लगा दिए है।

**यहां जानिए इमारत में क्या है खास**

परियोजना का निर्माण 24 हजार वर्गमी किया जा रहा है। इसमें दो टावर बनाए जा रहे है। पहला टावर ग्राउंड प्लस 3 यानी चार मंजिल पहले ये 18 मंजिल का बनना था। इसका एरिया 11 हजार 340 वर्गमी। दूसरा टावर ग्राउंड प्लस सात फ्लोर कुल आठ फ्लोर का। कुल कवर्ड एरिया 14 हजार 840 वर्गमी, आडिटोरियम 1780 वर्गमी, क्षमता 488 नगप्रथम बेसमैंट पार्किंग 19678 वर्गमी, सेकेंड बेसमैंट पार्किंग 19678 वर्गमी, परियोजना का कुल बजट 367 करोड़, सिविल कार्य के लिए 231.11 करोड, विद्युत के लिए 72.81 करोड़।

**इन क्षेत्रीय ऑफिस को किया जाएगा शिफ्ट**

सेक्टर-19 सिविल और मेंटेनेंस, सेक्टर-39 इलेक्ट्रिकल और मेंटेनेंस विभाग, सेक्टर-20 सर्किल ऑफिस, सेक्टर-5 जल खंड और बाह्य एजेंसी, सेक्टर-6 मुख्य प्रशासनिक खंड का कार्यालय, सेक्टर-39 जन खंड के अन्य ऑफिस।

## सार संक्षेप

### खेलकूद योजना युवाओ के लिए महत्वाकांक्षी : नूर मोहम्मद



**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियो ने आयोजित विभिन्न खेलो में दिखाया अपनी प्रतिभा का जौहर, कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख पति मनोज प्रधान, मनोज खालोर ने फीता काटकर किया। ब्लॉक स्तरीय जिला खेल योजना के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जिला बुलंदशहर द्वारा जूनियर सीनियर वर्ग ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गांव खालोर के स्टेडियम में आयोजन किया गया। इस दौरान मनोज प्रधान ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओ में से इस योजना के अंतर्गत हमारे क्षेत्रीय खेल खिलाड़ियो को आगे जाने का अवसर प्रदान हो रहा है। खेलकूद में एथलेटिक्स कबड्डी लॉन्ग जंप, कुश्ती, गोला फेंक, बॉलीबॉल आदि खेलो का आयोजन किया गया। सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले खिलाड़ियो को पुरस्कृत भी किया गया। खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी नूर मोहम्मद व अन्य मौजूद संबंधित अधिकारीयो द्वारा खिलाड़ियो को सर्टिफिकेट ट्रॉफी व मेडल दिए गए। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र भाटी, मुकेश राघव, कुलदीप गिरी, राजीव, अमरेश आदि मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियो के उज्जबल भविष्य की कामना भी की।

### स्कूल के कार्यक्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने किया 3आर जागरूक



**गाजियाबाद।** यूरो किड्स स्कूल वार्षिक उत्सव में नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह मुख्य अथिति के रुप में उपस्थित हुए। जिसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी महोदय द्वारा टीचर, स्कूली बच्चों और उनके पेरेंट्स को कचरे के प्रथक्कीरण, रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल (3आर) के महत्व एवं सिंगल यूस प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया गया।

### जनपद में पल्स पोलियो अभियान 10 से

**नोएडा।** जनपद में 10 दिसम्बर से बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो का यह अभियान 10 से 16 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान में 4.50 लाख बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. उबेद कुरैशी ने बताया कि जनपद में 10 दिसम्बर को करीब 1050 बूथ पर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 11 से 16 दिसम्बर तक टीम घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। इसके लिए लगभग 1500 टीम बनाई गईं हैं। ये टीम लक्षित 4.50 लाख बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी। इसके लिए करीब 10.51 लाख घरों को लक्षित किया गया है। डा. कुरैशी ने बताया कि पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है।

## ड्यूटी से लौट रही युवती के सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन युवक हिरासत में

**गाजियाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। थाना ट्रोनिका सिटी इलाके में ड्यूटी करके लौट रही एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। खास बात यह है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई वह पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित है। डीसीपी (ग्रामीण) विवेक चंद यादव लने बताया कि दिल्ली निवासी एक युवती ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करती थी। गुरुवार की शाम को वह अपनी सहेली के साथ फैक्ट्री से ड्यूटी खत्म कर घर जा रही थी। इसी दौरान तीन लड़कों ने युवती के साथ झाड़ियों में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वह अपने घर लौट गई। उसने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई।



युवती ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी सहेली फैक्ट्री से काम खत्म कर घर जा रही थी। रास्ते में उसकी सहेली का एक दोस्त वहां आ गया। सहेली अपने दोस्त से स्कूटी चलाना सीखने लगी। पीड़िता वहीं सड़क किनारे खड़ी होकर फोन पर बात करने लगी। इस दौरान तीन युवक उनकी सहेली और उसके दोस्त के पास आकर रुके। वह अभद्रता करने लगे।

पीड़िता उनके पास पहुंची, तो आरोपियों ने उसकी सहेली और दोस्त को छोड़ दिया। आरोपी युवती को जबरन झाड़ियों में ले गए और उसके साथ उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

विवेक ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## इंसाफ की गुहार लगा रहा बेटी का पिता

**नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-122 पर्थला निवासी रितु की मौत 20 नवम्बर को हो गई। परिवार ने आरोप लगाया कि रितु को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। उनकी मेटी का जबरन गर्भपात कराया गया। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हुई और दोनों किडनी सिकुड़ गई। ससुराल वालों ने इलाज नहीं कराया। अभी तक रितु को इंसाफ नहीं मिला। इसको लेकर शनिवार को ग्रामीण सेक्टर-14ए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। वहां धरना दिया। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। सात दिन का समय मांगा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

■ **ससुराल पक्ष ने बेटी का कराया गर्भपात**

■ **ब्लड की कमी से खराब हुई किडनी, 20 नवम्बर को मौत**




पीड़ित के पिता सुभाष ने बताया कि उसकी बेटी रितु की शादी 7 फरवरी 2023 को विजयपाल के बेटे आशीष के साथ की थी। शादी में करीब 25 लाख रुपए खर्च किए। जिसमें 4 लाख रुपए नगद दिए गए। शादी के बाद से ही रितु को ससुराल पक्ष की ओर से एक बुलेट बाइक और दो लाख रुपए नगद की मांग की जाने लगी। रितु के मना करने पर उसके साथ मारपीट दबाते थे। पिता ने बताया कि इस बीच रितु गर्भवती हो गई। यह बात जब रितु ने पति आशीष को बताई तो उसने चार पांच लात उसके पेट में मार दी।

इसके बाद जबरन गर्भपात करा दिया गया। इसी से ब्लीडिंग ज्यादा हुई और इसका असर रितु की किडनी कपर पड़ा और दोनों किडनी सिकुड़ गई। यही नहीं डॉक्टर ने ब्लड चढ़ाने के लिए कहा लेकिन ससुराल वालों ने ब्लड नहीं चढ़वाया। यही नहीं दो तीन बाद डायलिसिस होने के बाद ससुराल पक्ष ने जबरन ये लिखवा लिया कि मौत होने पर इसकी सारी जिम्मेदारी माता-पिता की होगी। ये जानकारी मिलते ही हम उसे अपने साथ ले आए और नोएडा के एक अस्पताल में इलाज शुरू कराया। स्थिति बिगड़ने पर 20 नवम्बर को रितु की मौत हो गई।

**10 नवम्बर को दर्ज हुआ मुकदमा कार्रवाई नहीं**

इस मामले में पिता सुभाष ने थाना सेक्टर-113 थाने में दामाद और बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करया। पुलिस ने रितु के पति आशीष, ससुर विजयपाल, सास पुष्पा, नंद पारुल, देवर आकाश और नंदोई विकास के खिलाफ मुकदमा दज किया। लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाही नहीं हुई। मामले को लेकर रोजाना पीड़ित परिवार थाने के चक्कर लगाता रहा।

**इंसाफ के लिए निकाला पैदल मार्च**

इस मामले को लेकर शनिवार को परिवार और ग्रामीणों ने सेक्टर-14ए कंट्रोल रूम पर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने जस्टिस फॉर रितु के नारे लगाए। साथ ही एडीसीपी से मुलाकात करते हुए एफआईआर की कांपी और शिकायत पत्र दिया। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने आश्वस्त किया मामले में गंभीरता से जांच की जाएगी। साथ ही इसमें हत्या की धारा को बढ़ाया जाएगा। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। परिवार की ओर से पुलिस प्रशासन को सात दिन का समय दिया गया है।

## गरीब के इलाज के लिए डॉ. बीपी त्यागी ने बढ़ाये मदद के हाथ

**गाजियाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। बेहद गरीबी से जूझ रहे जब एक मरीज को सरकारी अस्पताल में भी इलाज मुहैया नहीं हुआ तो उसकी मदद के लिए शहर के वरिष्ठ नाक, कान, नाक गला विशेषज्ञ डॉ. बीपी त्यागी मदद के लिए आगे आये हैं। डॉ. त्यागी राष्ट्रवादी जनता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी और प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने गरीब मरीज का पूरा इलाज पार्टी के खर्चे पर करने की घोषणा की है। इन्होंने सरकार के दावों पर भी सवाल खड़े करते हुए इस प्रकार की घटनाओं को व्यवस्था में शामिल लाचारपन की ओर भी निशाना साधा है। डॉ. त्यागी ने बताया कि विजयनगर क्षेत्र के रहने वाले संजय कुमार का एक महीने पहले एक एक्सीडेंट हुआ था। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनके हाथ और पैर में फैक्चर मालूम पड़ा। जिनका ऑपरेशन होना था। लेकिन ऑपरेशन के लिए जरूरी साजो सामान खरीदने के पैसे संजय कुमार के पास नहीं थे। इस वजह से बीते एक महीने से वह ऑपरेशन के बिना ही बेबसों की तरह जिंदगी जीने को मजबूर थे। उनकी यह खबर मीडिया के माध्यम से जैसे ही बाहर आई। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी ने तत्काल चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रभारी और प्रदेश महासचिव डॉ. बीपी त्यागी को पीड़ित से संपर्क साधने और सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। जिसके बाद डॉ. बीपी त्यागी ने संजय कुमार के तमाम इलाज का खर्च उठाने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा की जो भी खर्चा पीड़ित के इलाज पर आएगा। उसे राष्ट्रवादी जनसत्ता दल द्वारा पूरा किया जाएगा। पार्टी ने यह फैसला लिया है कि इस प्रकार किसी भी गरीब या मजबूर को इस तरह की परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।



■ **राष्ट्रवादी जनसत्ता दल वहन करेगी लाचार संजय के इलाज पर होने वाला खर्च**

**पीड़ित ने कहा शुक्रिया**

लंबे समय से मदद की आस लगाए बैठे संजय कुमार ने लगभग हार मान ही ली थी। लेकिन डॉ. बीपी त्यागी उनके लिए देवदूत की तरह आए और उनकी इतनी बड़ी परेशानी को चुटकी में हल कर दिया। संजय कुमार ने इसके लिए डॉ. बीपी त्यागी समेत पार्टी का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह ताजिंदगी इस उपकार को नहीं भूलेंगे।

## भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**गाजियाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व पार्षद व भारतीय जनता पार्टी के नेता राजेंद्र त्यागी ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद में शिक्षा माफियाओं के दबाव में पुलिस अभिभावकों की लड़ाई लड़ रही सीमा त्यागी का उत्पीड़न करती है उन्होंने कहा है कि जब भी जिले में प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का कोई कार्यक्रम होता है तो सीमा त्यागी को नजर बंद कर दिया जाता है आखिर ऐसा क्यों किया जाता है कहीं न कहीं शिक्षा माफिया की पुलिस के साथ-साथ गांठ है और पुलिस में प्रशासन इसलिए सीमा का उत्प्रेरण करती है अपने पत्र में राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि सीमा त्यागी प्रदेश के बच्चों के लिए सस्ती एवं सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने के लिए गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के माध्यम से कार्य कर रही। गाजियाबाद शहर की एक संभ्रांत महिला श्रीमति सीमा त्यागी को जब भी आपका अथवा मा0.प्रधानमंत्री जी का आगमन गाजियाबाद में होता है, उससे पूर्व ही जिले के पुलिस प्रशासन द्वारा अति उत्साह में आकर बिना किसी सरकारी आदेश के, घर पर ही नजरबंद कर मानसिक उत्पीड़न किया जाता है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश और गाजियाबाद की शिक्षा माफियाओं की सशक्त लॉबी, जिनमें बड़े बड़े मंत्री एके विधायक, एक सांसद के स्कूल और कॉलेज शामिल हैं। एवं नामी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चे जिनको इन स्कूलों द्वारा विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इन सभी को सरकारी स्कूलों की व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं है क्योंकि यहां आम आदमी के तथा गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं। अगर सरकारी स्कलों में नेताओं व अधिकारीयों-कर्मचारियों के बच्चे पढ़ते, तो सरकारी स्कूलो की ऐसी दयनीय स्थिति न होती। ज्यादातर सरकारी स्कूल प्रधान अध्यापक, एकल शिक्षक, शिक्षामित्रों के भरोसे चल रहे हैं। तथा इन सरकारी टीचर्स व शिक्षामित्रों की ड्यूटी अक्सर दूसरे कार्यों में लगी रहती हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी गण भी इस सब के प्रति लापरवाह और उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। इसलिए एक महिला, जो गरीब बच्चों के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत चयनित गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के एडमिशन के लिए जीतोड़ कोशिश कर रही है। इसी लिए उनका उत्पीड़न किया जाता है। त्यागी ने मांग की है कि समाज की संभ्रात महिला श्रीमति सीमा त्यागी को नजरबंद करने के मुद्दे के सभी बिंदुओं का आंकलन कर इस मानसिक उत्पीड़न की प्रक्रिया से मुक्त कर, इनका भी परामर्श एंव सहयोग लेकर प्रदेश में शिक्षा की बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करें तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अति महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर कार्य की निगरानी के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन करें। जिससे कि प्रदेश की करोड़ों जनता सस्ती और सुलभ शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो सके।



■ **शिक्षा माफियाओं के दबाव में अभिभावकों की लड़ाई लड़ रही सीमा त्यागी का सीएम व पीएम के कार्यक्रम पर किया जाता है उत्पीड़न**

### वोटर चेतना महाभियान का आयोजन

## भाजपा ने घर-घर संपर्क और शिविर से जोड़े नए मतदाता

**गाजियाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत नए मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पहले चरण से महानगर में वोटर चेतना अभियान को 30 अक्टूबर से शुरू कर अब तीसरे और अंतिम चरण तक का सफर तय कर लिया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े इस विशेष अभियान के अंतर्गत भाजपा ने 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर और 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक घर-घर संपर्क के माध्यम से हर दरवाजे पर दस्तक देने के लिए मुस्तैदी से संकल्पबद्ध है तथा नए मतदाताओं से संपर्क साध कर अपनी चुनावी जीत की संभावनाओं को मजबूत करने में जुटी है।

महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में वोटर चेतना अभियान सभी मंडलों में बूथ दर बूथ की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को आवंटित करके सघन रूप से चलाया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने और उनके मंडल में भेजे गए सभी प्रवासी पदाधिकारियों ने स्थानीय टोली संग नवीन मतदाताओं के फॉर्म 6 भरे। इस अभियान के द्वारा पार्टी की कोशिश है कि जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराकर उन्हें मताधिकार दिलाया जाए ताकि नवमतदाता भाजपा से भावनात्मक रिश्ते का जुड़ाव महसूस कर सकें। विवाह या अन्य किसी कारण से बूथ से अन्यत्र जा चुके या दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के माध्यम से किया। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज और वोटर चेतना अभियान का अंतिम चरण है और महानगर के सभी बूथों पर पार्टी के बूथ अध्यक्षों और सरकारी बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नए मतदाता जोड़ने का काम किया गया। अभियान को धारदार बनाने के लिए भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा और महामंत्री पप्पू पहलवान ने शालीमार गार्डन मंडल में स्वयं कमान संभालते हुए अपने पार्टी पदाधिकारियों की ताकत इसमें झोंकी। इसी कड़ी को जोड़ते हुए भाजपा महानगर मीडिया संयोजक व विजयनगर मंडल के प्रवासी प्रभारी प्रदीप चौधरी ने मंडल अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी सहित शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ संयोजक और वार्ड के पार्षदों को साथ में लेकर अलग-अलग टोली के माध्यम से घर घर जाकर संपर्क किया और नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म 6 का वितरण किया। फार्म 6 भरवाकर मतदान केंदों पर बैठे बीएलओ को जमा कराया गया। इस दौरान साथ में पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद ओम प्रकाश ओड, मंडल उपाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, विकास त्यागी, गगन शर्मा, पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद राहुल सिंह , पार्षद राजकुमार राजू, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सैन, धर्मशिला सिंह, रियाज़ सिद्दीकी, राजेश कुमार, राजीव दिवाकर आदि मौजुद रहे।



**वोटर चेतना अभियान को 30 अक्टूबर से शुरू कर अब तीसरे और अंतिम चरण तक का सफर किया तय**

## सुपारी देकर हत्या कराने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। सुपारी देकर हत्या कराने वाले गिरोह के लीडर व शॉर्प शूटर मेंहदी हसन समेत तीन लोगों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिन दो अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उनमें सलारपुर निवासी अकील और दिल्ली के बदरपुर निवासी पूजा शामिल हैं। पुलिस तीनों की चल और अचल संपत्ति को चिन्हित कर रही है। इसके बाद तीनों की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। बीते साल सुपरनोवा बिल्डिंग के पास हुई हत्या के मामले में सेक्टर-126 पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था। पूजा के प्रेमी अकील के कहने पर शूटर मेंहदी हसन ने उसके पति की हत्या 50 हजार रुपए लेकर की थी। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि तीनों की कई संपत्तियों को चिन्हित भी कर लिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। नोएडा पुलिस कुख्यात बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ सिलसिलेवार तरीके से गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि 14 मई 2022 को सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा बिल्डिंग के पास मेंहदी हसन ने ऋषिपाल नामक व्यक्ति की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। अवैध संबंधों और प्रापर्टी के लालच के चलते ऋषिपाल की पत्नी ने ही उसकी हत्या कराई थी। घटना के बाद नोएडा पुलिस ने पूजा और मेंहदी हसन पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी महिला ने बेटे विशाल को भी योजना में शामिल किया था। हत्या के लिए अकील ने मेंहदी को 50 हजार रुपए दिए थे। उसका अन्य आपराधिक इतिहास है। अकील ने घटना के दौरान शूटर को बाइक भी उपलब्ध कराई थी।

उवाच

वह ज्ञान जिसमें जुनून नहीं है वह बेकार है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था हमारे देश का एक अहम अंग है। यदि छात्र कड़ी मेहनत व लगन के साथ ज्ञान अर्जित करता है तो लक्ष्य को जरूर हासिल कर सकेगा।
**सुनील गलगोटिया, गलगोटिया विश्वविद्यालय कुलाधिपति**



## जेवर एयरपोर्ट के पास बन रहे इंटरचेंज निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जेवर एयरपोर्ट के पास दयानतपुर में बनाए जा रहे इंटरचेंज रोड़ कार्य का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट भारत एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके किसी भी कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इंटरचेंज निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दयानतपुर एयरपोर्ट बाउंड्री से लेकर यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज तक के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि कार्य को ससमय में पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, एसीपी पुलिस रुद्र कुमार सिंह, एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर, परियोजना निदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## गौतमबुद्धनगर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त की मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर में सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था न होने के कारण, यहां के निवासियों को आने वाले समय में जाम और लगातार खराब होती जा रही वायु से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यह भविष्य का शहर है और यहां लगातार आबादी बढ़ रही है। इसलिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को संयुक्त रूप से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लागू करने से ही जाम की समस्या और लगातार खराब होती जा रही वायु गुणवत्ता की समस्या से निजात मिल सकती हैं। इसलिए तत्काल जनपद के तीनों प्राधिकरणों को संयुक्त रूप से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था लागू करवाए जाने के लिए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आयुक्त, औद्योगिक एवं अवस्थापना, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की और इस संबंध में एक पत्र भी लिखकर दिया।

■ जेवर विधायक ने औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त से मिलकर शीघ्र समाधान की दिशा में बढ़ने के लिए वार्ता की



जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है। जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परियोजनाएं भी यहां प्रस्तावित हैं। जेवर और उसके आस पास अनेकों औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। सैकड़ों शिक्षण संस्थान और मल्टीनेशनल कंपनियां भी यहां स्थापित हैं। अनेकों प्रांतों के श्रमिक भी भारी संख्या में अपने जीवन यापन हेतु यहां निवास करते हैं। नागरिकों को आने वाले समय में जाम से भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। शहर की आबादी भी बहुत तीव्र गति से बढ़ रही है। इसलिए जनपद के तीनों प्राधिकरण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त करने से ही परिवर्तनकारी बदलाव आ सकता है।

आयुक्त औद्योगिक एवं अवस्थापना, उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह से मुलाकात कर, जनपद गौतमबुद्ध नगर की सार्वजानिक परिवहन व्यवस्था को, जनभावनाओं के अनुरूप, दुरुस्त किये जाने को कहा।

## इंडिया फूड एक्सपो में ग्रेनो आईआईए चैप्टर ने लगाए स्टॉल



**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने 1 से 3 दिसम्बर तक प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आईआईए भवन के प्रांगण में 'इंडिया फूड एक्सपो 2023' का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन औद्योगिक विकास एवम निर्यात मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ने किया। इस फूड एक्सपो में प्रदेश भर से आईआईए के सभी चैप्टर के उद्यमियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आईआईए ग्रेटर नोएडा से गोगिया केमिकल, सर्वो फूड, व ट्विंटेक इंडस्ट्रीज ने आपने स्टॉल लगाए हैं। आईआईए ग्रेटर नोएडा से चेयरमैन राकेश बंसल की अध्यक्षता में 11 सदस्यों की टीम ने प्रतिभाग किया एवं सभी उद्यमियों का हौंसला बढ़ाया।



## अर्टिफीसियल इंटेलिजेंस है मानवीय संसाधन प्रबंधन में निर्णायक बदलाव

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एआईएमटी), ग्रेटर नोएडा ने मानव संसाधन कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था– 'एक्सीलेंस इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट: हारनेसिंग दि पावर ऑफ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस'। सम्मेलन में देश भर के विभिन्न उद्योगों के प्रतिष्ठित मानव संसाधन पेशेवरों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और जेनेरेटिव एआई और एचआर के भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा की। सम्मेलन की शुरुआत श्लोक पाठ और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद एआईएमटी के निदेशक एयर कमोडोर (डॉ.) जेके साहू ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित किया। इस अवसर पर मेजर जनरल सुमित मेहता, वी एस. एम.,चीफऑफ़स्टाफदिल्ली एरिया, चेयरमैन एआईएमटी ने छात्रों का प्रोत्साहन किया। केनबॉक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ राजेश त्रिपाठी ने एचआर सिस्टम और एआई को परिभाषित करने के बारे में बात की। सिद्धार्थ श्रीवास्तव– एसोसिएट डायरेक्टर एचआर आर1आरसीएम ग्रुप ने ध्यान केंद्रित किया कि एचआर सिस्टम और एआई कितना महत्वपूर्ण है। इसके उपरांत मिस रेनू कपूर–एचआर बीबीटी कंसलटेंट ने सम्बोधित किया कि किस प्रकार एआई हमारे काम करने के तरीके बेहतर कर सकता है। यशवन्त चौहान, मुख्य मानव संसाधन प्रबंधक गेल इंडिया लिमिटेड ने कॉर्पोरेट जगत में कुशलता की अहमियत पर प्रकाश डाला।




■ एआईएमटी में मशहूर कंपनियों के एचआर प्रबंधन ने रखे अपने विचार

सत्र का समापन डॉ. अनुभव वर्मा, अकादमिक हेड द्वारा सभी वक्ताओं एवं अतिथियों को धन्यवाद देने के साथ हुआ। कॉन्क्लेव का समापन एयर कमोडोर. (डॉ.) जेके साहू, निदेशक एआईएमटी एवं डॉ. बबीता भाटी, एरिया चेयर (एचआरएम/ओबी) एआईएमटी द्वारा सभी वक्ताओं एवं अथितियों को धन्यावाद देने के साथ हुआ।

## ज्ञान का वास्तविक जीवन में प्रयोग करना जरूरी, कठिक परिश्रम करने वालों को हासिल होगी सफलता : जस्टिस बिंदल

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। गलगोटिया विश्वविद्यालय में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश राजेश बिंदल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान का वास्तविक जीवन में प्रयोग करना बहुत जरूरी है। इस युग में वही जीतेगा जो हमेशा प्रयास करता रहेगा। न्यायतंत्र पर बात करते अदालतों में पुराने मामलों की पेंडेंसी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि अदालतों में काम नहीं हो रहा है पर स्टॉफ और जूडिशियर ऑफिसर्स की कमी सबसे बड़ी समस्या है। समय रहते इसे भारत सरकार पूरा करने का प्रयास कर रही है। गलगोटिया विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश बिंदल, पूर्व जज दिल्ली हाईकोर्ट एवं प्रोफेसर जे.आर. मेधा, गलगोटिया विवि के कुलाधिपति सुनील गलगोटिया, डायरेक्टर ऑपरेशन गलगोटिया विश्वविद्यालय आराधना गलगोटिया, सीईओ ध्रुव गलगोटिया, कुलपति प्रो. के. मल्लिकार्जन बाबू, एडवाइजर टू चांसलर प्रो. रेनू लूथरा, प्रतिकुलपति प्रो. अवधेश कुमार, कुलसचिव डॉ. नितिन गौड़, प्रो. नमिता मलिक, डीन स्कूल ऑफ लॉ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑपरेशन आराधना गलगोटिया ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और उसके न्यायतंत्र आम आदमी को तंत्र में भरोसा की गारंटी हैं। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि वह ज्ञान जिसमें जुनून नहीं है वह बेकार है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था हमारे देश का एक अहम अंग है। यदि छात्र कड़ी मेहनत व लगन के साथ ज्ञान अर्जित करता है तो लक्ष्य को जरूर हासिल कर सकेगा। सीईओ ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि न्याय व्यवस्था एक ऐसी प्रणाली है कि जब इंसान हर जगह से निराश हो जाता है तो वह न्यायालय की शरण में जाता है। जहां उसे इंसाफ की आस रहती है। न्यायाधीश राजेश बिंदल ने छात्रों द्वारा किए गए प्रश्नों के जबाव में कहा कि यह ज्ञान का युग है और इंटरनेट इसका कारण है। अंत में आए हुए अतिथिगणों को अशोक स्तंभ, स्मृति चिह्न व शाल देकर सम्मानित किया गया।



■ गलगोटिया विवि के विधि विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विधिवेत्ता हुए शामिल

## शातिर मोटरसाइकिल चोर गिरोह गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। बीटा–दो थाने की पुलिस ने जांच के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चोरी की गई 16 मोटरसाइकिल बरामद किया है। बीटा–दो थाने की पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए जांच अभियान चलाए हुए थी, शुक्रवार को कासना पुलिया के पास से पवन व शिवा निवासी ग्राम आंजनी, थाना जहांगीराबाद, जिला बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। आरोपियों की निशानदेही पर नटों की मढैय्या गांव के पास इन्डेन गैस एजेन्सी गोदाम के पास खाली पड़े गोदाम के अन्दर घनी झाड़ियों में छुपाकर खड़ी की गई 15 मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपियों से चोरी की कुल 16 मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट, फर्जी नम्बर प्लेट लगी बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जो कि रेकी करके खासकर स्पलैण्डर मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर दिल्ली एनसीआर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा के भिन्न–भिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। आरोपी पूर्व में भी मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में जेल जा चुके है जो जमानत पाकर पुनः मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं कर रहे थे।



■ चोरी की 16 मोटरसाइकिल बरामद
■ पकड़े गए आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जा चुके हैं जेल

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पंचप्रण की दिलायी गई शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न विभागों के अपने–अपने विभागों से संबंधित स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है एवं साथ ही जो भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उनको भी कार्यक्रम में ही योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

■ यात्रा के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी






शनिवार को ग्राम पंचायत सलारपुर कलां बिसरख एवं नगर पालिका परिषद दादरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा ऑडियों व वर्चुअली प्रदर्शन कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। नगर पालिका परिषद दादरी अध्यक्ष गीता पंडित ने जनसामान्य को पंच प्रण की शपथ दिलायी गई। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी दादरी अभिषेक सिंह के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया गया एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार किया गया।

## शिक्षण की समग्रता बनाने व शिक्षकों की क्षमता का निर्माण के लिए कार्यशाला



**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के विभाग ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया ने ग्रेटर नोएडा में शिक्षकों के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) पर एक इंट्रैक्टिव शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्राइमरी और फाउंडेशनल स्टेज पर शिक्षण में अभिनव तकनीकों पर केन्द्रित था। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक प्राथमिक स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया। फाउंडेशनल स्टेज यानी मूलभूत चरण में एनसीएफ पर फोकस करते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रायोगिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अध्यापन संबंधी दृष्टिकोण के साथ शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तथा पाठ्यक्रम विकसित करने में ओयूपी अग्रणी रही है, और 111 वर्षों से भारत में इसकी उपस्थिति रही है।

ओयूपी ने स्कूल शिक्षकों और अभिभावकों को सहयोग दिया है ताकि समग्रतापूर्ण शिक्षण, अर्थपूर्ण सामग्री और शिक्षण संसाधनों को गतिविधि–आधारित श्रृंखला 'माय लर्निंग ट्रेन' के साथ बुनियादी कक्षाओं में ले जाया जा सके। यह श्रृंखला एनईपी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 के मुताबिक है और इसका लक्ष्य है शिक्षकों को सशक्त करना कि वे हर कक्षा को एक जीवंत शिक्षण केन्द्र में परिवर्तित कर सकें। लेखिका सोनिया रेलिया द्वारा डिजाइन की गई श्रृंखला माय लर्निंग ट्रेन में अनेक गतिविधियां, रिसोर्स बुक, कहानियां, कविताएं, लोक साधन, संगीत, कला, खेल तथा और भी बहुत कुछ शामिल हैं। इसे इस प्रकार डिजाइन किया गया है विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षण शैलियों में बच्चों के कौशल में वृद्धि हो। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने शिक्षकों को सरल किंतु प्रभावी तकनीकों से परिचित कराया, मूल कॉन्सेप्ट के विकास को सुगम करने की उनकी काबिलियत तथा प्राथमिक विद्यार्थियों के समस्या हल करने के कौशल को समृद्ध किया।

■ एनसीएफऔर एनईपी 2020 से जुड़ी गतिविधि आधारित श्रृंखला माय लर्निंग ट्रेन को किया प्रस्तुत

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया–पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मिला प्रशिक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। केनरा बैंक आरसेटी स्वरोजगार हेतु होममेड अगरबत्ती मेकर का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 02 दिसम्बर तक आरसेटी लुहारली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित कुल 35 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। 'होममेड अगरबत्ती मेकर' का प्रशिक्षण और उनका प्रैक्टिकल सुशील शर्मा द्वारा दिया गया। इसके अतिरिक्त सॉफ्ट स्किल (उद्यमिता कौशल, बाजार एवं ग्राहक प्रबंधन, रचनात्मकता, समस्या समाधान, प्रोजेक्ट बनाना, मार्केटिंग, बैंकिंग योजनाओं) की जानकारी निदेशक अनिल कुमार, फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी को प्रदान किया। प्रशिक्षण समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह में अनिल कुमार, सहायक विकास अधिकारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वो प्रशिक्षण उपरान्त अपना नया व्यवसाय शुरू कर जनपद की उन्नति में भागीदार बने और अपनी आजीविका अर्जित करें। इस अवसर पर अंजू, इंदु, काजल, सुनीता, मीनू, ज्योति, मीना, निशा, रेशमा, सोनी, बबिता, गुड्डी, शिवानी, पूजा, राजेंदरी आदि उपस्थित रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## खेल प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में जिला प्रशासन ने खेल प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बच्चों व अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर के एसडीएम अंकित कुमार शामिल हुए। इसके अलावा जिला खेल अधिकारी अनीता नागर रही। मतदाता जागरुकता की तरफ से डॉक्टर शालिनी सिंह, वंदना यादव गीता भाटी शामिल रही। अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के कार्यक्रम खेलेगा इंडिया फिट रहेगा इंडिया एवं मत देगा इंडिया के अंतर्गत किया गया। यह प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित हुई बास्केट बॉल और फुटबॉल। जिसमें लड़कियों की बास्केट बॉल प्रतियोगिता में टैगोर हाउस विजयी रहा और फुटबॉल प्रतियोगिता में बीथोवन हाउस ने पदक जीता। इस प्रतियोगिता को देखने के लिए कक्षा छठीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे और साथ ही कक्षा छठीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगियों के आत्म बल को बढ़ाने का काम किया। एसडीएम अंकित कुमार ने विद्यार्थियों के परिश्रम और उनके शारीरिक क्षमता की तारीफ की, उन्होंने बच्चों एवं बच्चों के अभिभावको को वोट बनाने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समसराय विद्यालय की सत्र 2022–23 की ईयर बुक का विमोचन किया गया। अंत में समसारा विद्यालय की प्रबंधनीय समिति ने सभी सदनों के प्रतिभागियों की तारीफकी और ऐसे ही आत्म बल और आत्मविश्वास को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने विजयी टीम को बहुत–बहुत बधाई दी।





ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या–01,सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310
जिला–गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर–डाढा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–डी,ए 012195 भूखण्ड संख्या–डी–113, क्षेत्रफल–150 वर्ग मीटर श्री लीले पुत्र श्री बोदे, निवासी–ग्राम–डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री लीले पुत्र श्री बोदे की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानो श्री अंकित भाटी पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार पौत्र स्व0 श्री लीले, श्री रविन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री लीले, श्रीमती मूर्ति पत्नी स्व0 श्री लीले, श्रीमती मुकेश (विवाहित), श्रीमती मुनेश (विवाहित), श्रीमती अजेश (विवाहित), पुत्रीगण स्व0 श्री लीले, श्री पुनीत कुमार पुत्र स्व0 श्री अशोक कुमार, श्रीमती फूलवती पत्नी स्व0 श्री अशोक कुमार, पौत्र/पुत्रबधु स्व0 श्री लीले, निवासी–ग्राम–लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर , उ0प्र0 में से श्री अंकित भाटी पुत्र स्व0 श्री आशोक कुमार पौत्र स्व0 श्री लीले, निवासी–ग्राम–लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामातरण करने हेतु नामातरण प्रापत एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामातरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके वारिस श्री अंकित भाटी पुत्र स्व0 श्री आशोक कुमार पौत्र स्व0 श्री लीले, निवासी–ग्राम–लडपुरा, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

कहानी

# नई जंग

■ ख्वाजा अहमद अब्बास

जिस दिन सूबेदार राजिन्दर सिंह की पेंशन मुक़र्रर हुई तो वो बहुत परेशान थे। ऐसा लगता था कि ज़िंदगी का सबसे बड़ा सहारा ही जाता रहा। सूबेदार ने अपनी सारी उम्र फ़ौज में काटी थी। न जाने कितनी जंगों में जान पर खेल कर आधे दर्जन तमगे हासिल किए थे। कितनी ही छावनियों की ख़ाक छानी थी। अपनी बहादुरी और मुस्तैदी से न जाने कितने अफ़सरों की ख़ुशनूदी हासिल की थी। मामूली सिपाही से जमादार और जमादार से सूबेदार मुक़र्रर हुए थे। फ़ौज का कोई ऐसा काम नहीं था जिसमें उन्होंने अपना सिक्का न बिठाया हो। निशाने बाज़ी में हमेशा नंबर अव्वल। चाहे छावनी में चाँद मारी हो या फ़्रंट पर दुश्मन के ख़िलाफ़ लड़ाई। सूबेदार राजिन्दर सिंह का निशाना कभी ख़ता नहीं हुआ था। अपने सिपाहियों को परेड कराते तो एक साथ काम करने वाली मशीनें बना देते। उनका अपने रंगरूटों और सिपाहियों से हमेशा यही कहना होता था। एक साथ क़दम उठाओ। जवानो एक साथ काँधे से काँधा मिलाओ, सीना तानो ऐसे जैसे फ़ौलाद की दीवार। लेफ़्ट राइट... लेफ़्ट राइट... ?

उधमसिंहनगर। एंटी ह्यूमन टैऊफिकिंग टीम द्वारा एक घर में छापेमारी कर सैक्स रैकेट की संचालिका सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री व हजारों की नगदी बरामद की गयी है। टीम द्वारा मौके से तीन महिलाओं को भी रेस्क्यू किया गया है। लिी जानकारी के अनुसार बीती देर शाम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सूचना मिली की थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्रांर्तगत फुलसुंगा में एक महिला द्वारा अपने घर में कई गरीब व बेसहारा महिलाओं को रखकर उन्हें पैसों का लालच देकर वेश्यावृत्ति की जा रही है जहाँ आए दिन लोगों की भीड़ लगी रहती है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा स्थानीय जनता व ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस के साथ संयुत्तफ रूप से उक्त महिला के घर पर छापेमारी की गयी तो मौके पर महिला (संचालिका) सहित चार महिलाए व दो पुरूष अनैतिक कार्य करते मिले। टीम को मौके पर काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री व 3 हजार 500 रूपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ पर संचालिका द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा एक चारपहिया वाहन खरीदा गया जिसकी किस्त वह जमा नहीं कर पा रही है और अपना नया घर बनाने के लिये उसके द्वारा अपने घर पर ही गरीब और बेसहारा महिलाओं को रखकर उनसे वैश्यावृत्ति करायी जाती है। जिसमें से कुछ ही पैसे वह महिलाओं को देती है बाकी स्वयं रखकर अच्छे पैसे कमा कर वाहन की किस्त जमा कर लेती है। ग्राहकों को लाने का काम (संजय और गोवर्धन ) करते है, जिनको कस्टमर के हिसाब से वह पैसे देती है।

### सुडोकू 6394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

# वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान जीएसटी से आमदनी 16.61 प्रतिशत बढ़ीः चीमा

**चंडीगढ़,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को यहाँ बताया कि राज्य ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले आठ महीनों के दौरान नवंबर तक वस्तु और सेवा कर (जी. एस. टी.) से नैट प्राप्तियों में 16.61 प्रतिशत का विस्तार और आबकारी से प्राप्त होने वाले राज्यस्व में 11.45 प्रतिशत का विस्तार दर दर्ज किया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यहां जारी प्रेस बयान में बताया कि वित्तीय वर्ष 2022- 23 में नवंबर तक राज्य की कुल जीएसटी प्राप्ति 11967.76 करोड़ रुपए थी जबकि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य की कुल जीएसटी प्राप्ति 13955. 38 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि इस तरह कुल जी. एस. टी प्राप्ति में कुल 1987.62 करोड़ रुपए का विस्तार दर्ज किया गया है। आबकारी से प्राप्त राजस्व के आंकड़ों का खुलासा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर तक आबकारी से कुल राजस्व 5947. 47 करोड़ रुपए है जबकि वित्तीय वर्ष 2022- 23 के पहले आठ महीनों में कुल जी. एस. टी राजस्व 5336. 61 करोड़ रुपये था, इस तरह आबकारी से प्राप्त राजस्व में कुल 610. 86 करोड़ रुपए का विस्तार दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि नवंबर तक वेट, सीएसटी, जीएसटी, पीएसडीटी और आबकारी से प्राप्त राजस्व में नैट 13. 89 प्रतिशत के विस्तार प्राप्त हुआ है। राज्य के अपने कर राजस्व में वृद्धि के बारे खुलासा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राज्य सरकार ने कर चोरी करने वालों पर शिकंजा कस कर और कर प्रणाली को सरल बना कर ईमानदार करदाताओं को सुविधा देते हुये अपने कर राजस्व में विस्तार दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार राज्य की आठ महीनों की कर प्राप्तियों ने 25 हज़ार करोड़ के आंकड़े को छुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य को इस वित्तीय वर्ष के दौरान नवंबर महीने के अंत तक वेट, सीएसटी., जीएसटी., पीएसडीटी और आबकारी से 24965.59 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# सरकार ने खाली करवाई 200 करोड़ की शत्रु सम्पत्ति

**देहरादून,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन ने आज शत्रु संपत्ति काबुल हाउस पर अपना कब्जा ले लिया। इस संपत्ति पर अवैध कब्जे थे और उनसे संबंधित मामले कोर्ट में लंबित थे। दो माह पहले डीएम सोनिका

■ प्रशासन ने कब्जे में लिया काबुल हाउस
■ कई ने फर्जी वारिस बन कब्जाई थी करोड़ो की सम्पत्ति
■ हाइकोर्ट के निर्देश पर डीएम ने की थी सुनवाई

की अदालत ने इन कब्जों को खारिज करते हुए अवैध माना था।

शनिवार सुबह काबुल हाउस की संपत्ति जिसकी कीमत करीब दो सौ करोड़ आंकी गई थी, जिला प्रशासन ने अपने कब्जे में ले ली। डीएम सोनिका ने बताया कि देहरादून में अन्य शत्रु संपत्तियों पर भी कड़े फैसले लिए जाएंगे। ऐसी संपत्तियों का स्वामी गृह मंत्रालय है लिहाजा यहां से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। काबुल के राजा से जुड़ी



इस शत्रु संपत्ति के मामले में, हाई कोर्ट के निर्देश पर डीएम देहरादून की अदालत में सुनवाई चल रही थी, जिसमे सम्पत्ति पर काबिज और अन्य दावेदारों को सुना गया था। उक्त संपत्ति का मालिक केंद्रीय गृह मंत्रालय है जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी जिला प्रशासन द्वारा की जाती है। इस संपत्ति को खुर्दबुर्द करने के आरोप लग रहे थे और कई लोग फर्जी वारिस बन कर करोड़ो रुपये की काबुल हाउस की संपत्ति को हथियाने के प्रयास में लगे हुए थे। आज इस मामले में डीएम सोनिका ने फैसला सुना दिया। नैनीताल में भी मेट्रोपॉल शत्रु संपत्ति को सरकार ने अपने कब्जे में लेने के लिए यही प्रक्रिया अपनाई थी और इस बारे में हाई कोर्ट नैनीताल ने भी दिशा निर्देश दिए थे।

### दून में कहां है शत्रु संपत्ति

जानकारी के मुताबिक 1879 काबुल के राजा मोहम्मद याकूब खान देहरादून आकर बसे थे। यहां उनकी संपत्ति कई स्थानों पर थी। 1924 में उनकी मौत हो गई। उनके पारिवारिक मित्र रहे मोहम्मद असलम खान उत्तर प्रदेश में और देहरादून में रहते हैं। उनका कहना है कि सरकार इस संपत्ति को अपने कब्जे में लेकर जनहित के कामों में लगाए। काबुल के राजा के फर्जी रिश्तेदार सहारनपुर, देहरादून में सामने आए और वे देहरादून की शत्रु संपत्तियों पर फर्जी दस्तावेज बनाकर दावे कर रहे हैं। इनमे मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद खालिद अब्दुल रज्जाक का एक गिरोह है। एक गिरोह आरिफ खान का है। तीसरा गिरोह तारीक अख्तर का है जोकि 23 शत्रु संपत्तियों की कब्जेदारो को रजिस्ट्री भी करके सरकार को धोखा दे चुका है। इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई थी किंतु आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार इस सारे प्रकरण में तहसीलदार रहे राशिद की भूमिका भी संदिग्ध मानी गई। इन संपत्तियों को नगर निगम के दस्तावेजों में भी हेरफेर करके चढ़ाया जाने वाला था, जिसे तत्कालीन नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय द्वारा रोका गया।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी का सख्त रुख

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शत्रु संपत्ति मामले में सख्त रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने डीएम सोनिका को निर्देश दिया है कि वे इन संपत्तियों को कब्जे में लें। वहां बोर्ड लगाए और इस संपत्ति को देहरादून के हित में उपयोग में लाए जाने की योजना बनाई जाए।

# इन्वेस्टर समिटः जिलाधिकारी ने जौलीग्रान्ट से दिलाराम चैक तक किया निरीक्षण

**देहरादून,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने इन्वेस्टर समिट की तैयारियों के दृष्टिगत एयरपोर्ट जौलीग्रान्ट से दिलाराम चैक तक निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ानिवार को जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने इन्वेस्टर समिट की तैयारियों के दृष्टिगत एयरपोर्ट जोलीग्रान्ट से दिलाराम चैक तक निरीक्षण करते हुए निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एयपोर्ट चैक, हिमालयन चैक, भानियावाला रोड, भानियावाला चैक, लच्छीवाला, मोहकमपुर, जोगीवाला, रिस्पना चैक, रिस्पना से दया प्लाजा, फ्वारा चैक, लक्ष्मी रोड चैक, आराघर, ईसी रोड, द्वारिका स्टोर चैक, सर्वे चैक, क्रास रोड मॉल चैक, दिलाराम चैक तक निरीक्षण करते हुए कार्यो को जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जौलीग्रान्ट से लच्छीवाला तक निरीक्षण के दौरान एमडीडीए के अधिकारियों को फसाड एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों तथा उघानीकरण के कार्यों को श्रमिकों की संख्या बढाते हुए रातदिन कार्य कर यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा उप जिलाधिकारी डोईवाला को शेष अन्य कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकाय डोईवाला को उक्त स्थलों पर सफाई कार्य प्रतिदिन सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि दुकानों का सामान सड़क पर न लगाया जाए इसके लिए व्यापारियो बात कर ली



जाए। उन्होंने निर्देशित किया सड़क पर पड़ने वाले पेड़ों में सौन्दर्यीकरण कार्य कर लिया जाए। उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसाड एवं रंगरोगन कार्यों में एकरूपता रहे। विघुत विभाग को विघुत पोल पेन्टिंग तथा झूलते तारों को हटाने पोल शिफ्टिंग के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हर्रावाला से दिलाराम चैक तक निरीक्षण के दौरान एमडीडीए को फसाड एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा रिस्पना के समीप वर्टिकल गार्डन एवं रिस्पना पुल पर ट्यूलिप कार्यों को श्रमिकों की संख्या बढाते हुए अवशेष कार्य को दिनकृ रात की शिफ्ट में कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को हर्रावाला से दिलाराम चैक एंव सम्पूर्ण रूटों पर सफाई व्यवस्था दुरस्थ रखने तथा पार्क की सफाई, स्ट्रीट लाईट ठीक रखने के निर्देश दिए।

# विधायक ने परिवहन अधिकारी पर उठाया हाथ

**पौड़ी,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधायकों के सिर पर सत्ता का नशा इस कदर चढ़ चुका है इसका जनपद के कोटद्वार से सामने आया है, जहां लैंसडॉन से भाजपा विधायक महंत दिलीप सिंह रावत ने अपने कार्यकर्ता के चालान किये जाने से नाराज होकर परिवहन विभाग में कार्यरत हरीश चंद्र सती पर हाथ तक उठा दिया। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में जारी होने से राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है।



■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

यह पूरा प्रकरण शुक्रवार का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि भाजपा विधायक किस कदर गुस्से में थे। वह सीधे ही चालान काटने वाले अधिकारी पर हाथ उठाने चले आए। हालांकि इस दौरान आसपास खड़े लोगों को देख विधायक ने अपना हाथ रोक लिया, लेकिन वायरल वीडियों में साफ दिख रहा है कि इस कर्मचारी को विधायक ने काफी भला बुरा कहा है। बताया जा रहा है कि मामला सिर्फ इतना था कि विधायक की पार्टी के कार्यकर्ता का इस अधिकारी ने नियमानुसार चालान कर दिया था। चालान होने से विधायक इस कदर नाराज हुए कि अधिकारी को मारने के लिए मौके पर ही पहुंच गए। इस दौरान अधिकारी ने कहना भी चाहा कि जो कुछ किया नियम अनुसार ही किया है। लेकिन विधायक शायद कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। इस मामले में परिवहन विभाग के अधिकारी हरिश चंद्र सती सामने नहीं आए हैं और वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन अब वीडियो वायरल होने से विधायक और उनके समर्थक खासे परेशान हैं।

# अब दुर्गम में ही पोस्टिंग की इच्छा रखने वाले शिक्षकों को मिलेगी तबादला एक्ट में छूट

**देहरादून**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग में यूं तो शिक्षकों द्वारा सुगम में तैनाती लेने की कोशिशें अक्सर सुनाई देती रही हैं, लेकिन कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो सुलभ पोस्टिंग नहीं मिलने के कारण सुगम में ना जाकर दुर्गम में ही बने रहना चाहते हैं। ऐसे ही शिक्षकों को राहत देते हुए अब शिक्षा विभाग जल्द ही तबादला नीति में इसको लेकर विशेष प्रावधान लाने जा रहा है। इस नई व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग से प्रस्ताव भी मांग लिया गया है, ताकि ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य रूप से सुगम में जाने के नियम से छूट दी जा सके।

खास बात यह है कि इस सत्र में इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत जिन शिक्षकों के दुर्गम से सुगम क्षेत्रों में तबादले किए गए हैं, वह चाहे तो अपनी पूर्व की तैनाती पर ही बने रह सकते हैं। इस आदेश के बाद शिक्षकों को उस नियम से

■ शिक्षा निदेशालय ने शासन को भेजेगा प्रस्ताव

छूट दी जा रही है। जिसके तहत ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य रूप से दुर्गम से सुगम क्षेत्रों में तैनाती लेनी होती है।शिक्षा विभाग की तरफ से दी गई इस छूट के तहत आदेश भी जारी किया गया है। हालांकि इसको लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा पहले ही निर्णय लिया गया था और उसके बाद ही विभाग द्वारा इस पर आदेश जारी किया गया है। इस फैसले को करने का मकसद दुर्गम क्षेत्रों में विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती को बनाए रखना है।

अधिकतर शिक्षक दुर्गम से सुगम क्षेत्र में आने की जद्दोजहद करते रहे हैं, लेकिन यदि कोई शिक्षक दुर्गम में ही रहना चाहता है तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों को छूट देकर दुर्गम में मौजूद विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। अब इसके लिए शासन ने विभाग से अगले सत्र के लिए भी प्रस्ताव मांग लिया है, ताकि आगामी सत्र में भी ऐसे तबादलों से शिक्षकों को छूट दी जा सके और समिति के सामने इस प्रस्ताव को रखकर अनिवार्य तबादले की शर्त से शिक्षकों को राहत दी जा सके।

# भारत की विविधता में एकता का विशेष महत्वः सीजेआई

**देहरादून,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ आज सुबह दिल्ली से जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने न्यायमूर्ति के सी धूलिया मेमोरियल लेक्चर और कर्मभूमि फाउंडेशन द्वारा देहरादून फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में आयोजित निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता

■ दून कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे भारत के मुख्य न्यायाधीश




के पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया।

पुरस्कार समारोह के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भारत को बाकी राष्ट्रों से अलग बनाने वाली विशेषताओं के बारे में अपने विचार रखें। साथ ही कहा कि भारत एक सौभाग्यशाली देश है और यहां रहने वाले लोग भी उतने ही सौभाग्यशाली हैं। भारत के संविधान को एक पवित्र पुस्तक बताते हुए मुख्य न्यायाधीश ने अपनी बातें रखते हुए कहा कि भारत की विविधता में एकता का विशेष महत्व है और यहां की भाषा और लोग देश को बाकी राष्ट्रों से अलग बनाते हैं।

मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर पुलिस विभाग ने भी कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए थे। उनके कार्यक्रम को लेकर मुख्य न्यायाधीश के प्रोटोकॉल से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को चकबंदी भी किया गया था। तय कार्यक्रम के अनुसार ही सुबह करीब 8: 30 बजे मुख्य न्यायाधीश देहरादून पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने करीब 9:30 बजे फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जबकि उसके बाद वह करीब 4: 00 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# प्रादेशिकी

## धूमधाम से निकली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। खाटू श्याम के निशान यात्रा श्री श्याम कृपा मंडल के सौजन्य से धूमधाम के साथ निकाली गई शोभा यात्रा का जगह-जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा की गई। खाटू श्याम यात्रा में महिलाएं व पुरुष बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे महिलाएं डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए चल रही थी। यह खाटू श्याम निशान यात्रा लोह। ईरोड खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर चौक नेहरू रोड घूमन। बजार होते हुए लाल गेट से स्वराज कुटीर पर विराम हुई। निशान यात्रा का जगह-जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा की गई। शगुन मिठाई भंडार बन्नू मिठाई भंडार शॉप वाली कोठी के जलपान का वितरण किया गया। वितरण करने वालों में पारस गुप्ता रोहित गुप्ता अमन गुप्ता मोहित गुप्ता आकाश गुप्ता गणेश सारस्वत गुड्डू मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

# योगी ने रामायण मेला के प्रथम पोस्टर का किया अनावरण

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। अयोध्या में परंपरागत तरीके से होने वाले 42 वें रामायण मेले के प्रथम पोस्टर (आवरण छवि) का अनावरण मुख्यमंत्री एवं द्वितीय पोस्टर का केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के.सिंह ने किया। मुख्यमंत्री ने रामायण मेला आयोजित करने वालों की प्रशंसा करके उन्हें गदगद कर दिया।

- **आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोककला प्रदर्शित**
- **द्वितीय पोस्टर का अनावरण केंद्रीय मंत्री सिंधिया व वीके सिंह ने किया**

प्रथम पोस्टर में रामायण मेला में होने वाले कार्यक्रम के क्रम में धनुष यज्ञ एवं द्वितीय पोस्टर में जनक जी के द्वारा कन्यादान की लीला को दर्शाया गया है। आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोक कला को प्रदर्शित किया गया है जिसमें अवधी लोक कला और परंपरा की झलक स्पष्ट दिख रही है। आवरण छवि लोकार्पण के माध्यम से रामायण मेला में भारतीय लोक कला एवम संस्कृति को दर्शाना है। इस अवसर पर महापौर अयोध्या ने कहा कि रामायण मेले को विश्व स्तरीय बनाने में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रामायण मेला 14 से 19 दिसम्बर 2023 का शुभारंभ करने हेतु मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया। डाक्टर राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी आशीष मिश्रा रामायण मेला समिति के संयोजक हैं। उनके अनुसार रामायण मेले की गरिमा को विश्व स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। आवरण छवि को भित्ति फलक पर उकेरने का कार्य रीमा सिंह ने किया।



### अयोध्या एअरपोर्ट के उद्घाटन की तारीख प्रधानमंत्री तय करेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम एअरपोर्ट 15 दिसम्बर तक तैयार हो जाएगा। उद्घाटन की तारीख प्रधानमंत्री तय करेंगे। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले अयोध्यावासियों को कई सौगात मिलेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कहा कि सेकंड फेस का श्रीराम एयरपोर्ट 50000 स्क्वायर फीट का होगा। अभी रनवे की लंबाई 2200 मीटर है। सेकंड फेज में रनवे की लंबाई 3700 मीटर होगी, जिस पर अंतरराष्ट्रीय विमान, बोइंग 787 उतर सकेंगे। एयरपोर्ट का निरीक्षण करने के पूर्व सीएम योगी ज्योतिरादित्य सिंधिया व जनरल बीके सिंह ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन पूजन किया।



# मतदाता जागरूकता स्वीप रैली बनी आकर्षण का केंद्र

**मवाना,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए एक स्वीप गैलरी का उद्घाटन जिलाधिकारी दीपक मीणा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान के साथ उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव, नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी व प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने फीता काटकर किया।

- **डीएम व एसएसपी ने मतदाता स्वीप गैलरी का उद्घाटन किया**

मतदाता जागरूकता स्वीप रैली आकर्षण का केंद्र रही। स्वीप गैलरी के अंतर्गत वॉल पेंटिंग के द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेश दिए गए। गमलों को चुनावी स्लोगन व पेंटिंग के द्वारा सजाया गया। दीप प्रदर्शनी में दीपों को चुनावी स्लोगन के द्वारा सजाया गया, चुनाव से संबंधित रंगोली, सेल्फी केंद्र बनाया गया। छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित स्लोगन व पोस्ट का प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान, उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव ने सेल्फी केंद्र पर जाकर सेल्फी ली।

# मेरठ कॉलेज मेरठ ने जीती टेनिस टेबिल ट्रॉफी

**मवाना,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना में शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ अंतरमहाविद्यालय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुषध्महिला) 2023 के दूसरे दिन पुरूष वर्ग एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल मैच खेले गये।



■ पुरुष वर्ग एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल मैच हुए

पुरूष वर्ग के टीम स्पर्धा का फाइनल मैच मेरठ कालेज मेरठ व जनहित कालेज, गाजियाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें मेरठ कालेज मेरठ 3-2 से विजयी रहा व उपविजेता जनहित कालेज, गाजियाबाद रहा। प्रथम सेमीफाइनल मैच हर्ष जोशी, जनहित कालेज गाजियाबाद व आयुष्मान ओझा एमएमएच कालेज गाजियाबाद के मध्य हुआ जिसमें हर्ष जोशी, जनहित कालेज गाजियाबाद 3-2 से विजेता रहा। दूसरा सेमीफाईनल हर्षित मेरठ कालेज, मेरठ व अभय उदय प्रताप सिंह, जनहित कालेज गाजियाबाद के मध्य हुआ जिसमें हर्षित मेरठ कालेज, मेरठ 3-0 से विजेता रहा। एकल स्पर्धा का फाईनल मैच हर्षित मेरठ कालेज, मेरठ व हर्ष जोशी, जनहित कालेज गाजियाबाद के मध्य हुआ, जिसमें हर्षित मेरठ कालिज, मेरठ विजेता रहा।

## सार संक्षेप

### विकसित देश बनाने में सहायक होंगे मोबाइल : वाजपेयी

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए यह मोबाईल फोन बहुत ही सहायक होंगे। आज भारत विकासशील देश की श्रेणी में है। तकनीक की दृष्टि से आपको मजबूत करने की योजना सरकार की है। यह बात शनिवार को तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल व इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस स्टडीज के छात्रों को मोबाईल वितरण कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कही। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित मोबाईल वितरण कार्यक्रम के दौरान डॉ.लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि इस मोबाईल का उपयोग अपने शिक्षा के लिए करना व्यक्तिगत उपयोग के लिए आपके पास जो मोबाईल है उसका उपयोग करना। वर्तमान प्रत्येक व्यक्ति के पास मोबाईल है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है और सिखाने वाले की कोई जाति नहीं होती है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

**मवाना।** शनिवार को ग्राम पंचायत बातनौर व मंदवाडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग, खाद्य विभाग, पेंशन विभाग, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज विभाग आदि के स्टॉल लगाये गये। इफको द्वारा ड्रोन से दवा का खेत में स्प्रे करने का प्रदर्शन किया गया। खाद्य विभाग ने निशुल्क खाद्यान्न, कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, खाद्य एवं रसद विभाग, आदि के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी द्वारा योजनाओ का वर्णन किया गया। ग्राम पंचायत बातनोर में ग्राम प्रधान सलमा, एडीओ प्रदीप शर्मा, अनिल कुमार, सचिव पंकज यादव भूपेंद्र शर्मा, सलाउद्दीन, पंचायत सहायक लाइका सैफी, डाक्टर देवेन्द्र व ग्राम पंचायत मंदवाड़ी में ग्राम प्रधान सुनीता देवी, स्नेह शर्मा, पंचायत सहायक इंदु सिंह सहित सैकडो ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला को उतारा मौत के घाट, दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** बीते दिन महिला की हत्या कर शव निर्वस्त्र कर खेत में फेंक दिया गया था। मामले में पुलिस नें घटना के 24 घंटे बाद का खुलासा करते हुए दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली। कोतवाली कायमगंज के गांव प्रेमनगर निवासी दयाराम जाटव की 44 वर्षीय पत्नी सगुना देवी बीते 22 नवम्बर की सुबह 10 बजे घर से कहीं अचानक चली गयी थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटीं तो परिजनों उसकी तलाश की।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र सोनू तोमर, उसकी पत्नी श्रीमती कोमल, बच्चे कृष्ण व कुंज को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने कृत्य या लेनदेन के लिए उपरोक्त स्वयं उत्तरदायी हैं।

**श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री प्रभु सिंह, निवासी गढ़ रोड सिसौली (मेरठ)।**



# सीबीआरसेटी ने 35 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित

**मेरठ,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एनआरएलएम स्वावलम्बन योजनांतर्गत जुट प्रोडक्ट उद्यमी के 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे 35 लाभार्थी को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निदेशक विवेक सुकृष्ण अपने संबोधन में कहा की देश के विकास हेतु ग्रामीण महिलाओं का उत्थान आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने संस्थान में ट्रेनिंग के दौरान होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होने बताया कि इसी माह में ए.सी. रिपेयर एंड सर्विस के बैच प्रारंभ होने वाले है। जो 11 दिसम्बर से शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि जिसे इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता करनी है वह अपना आवेदन कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर रमेश चंद्र जोशी व माधुरी शर्मा ने किया।

# सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोकना बड़ी चुनौती : योगी

**लखनऊ,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकना बड़ा चैलेंज है। अधिकांश दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण होती हैं।

- **योगी ने 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को दिखाई हरी झंडी**
- **मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इस्टीट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए हुआ एमओयू**



ड्राइवर दक्ष या कुशल न हो, तब भी यह दुर्घटना होती हैं। सीएम ने चिंता जताते हुए एक-एक व्यक्ति की जान बचाने का आह्वान किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा व जनजागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि कोरोना में दो वर्ष में 24 हजार से कम लोगों की मृत्यु हुई, जबकि सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष यूपी में 20-22 हजार लोगों की मौत होती है। थोड़े प्रयास से अमूल्य जान बचाई जा सकती है। सीएम योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों के खाते में अनुदान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। यहां पर परिवहन विभाग व मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए एमओयू किया गया। वहीं सीएम के समक्ष महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए उप्र कौशल विकास मिशन व उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ भी समझौता ज्ञापन हुआ। सीएम ने यूपी की बेहतरीन ईवी पॉलिसी के बारे में भी बताया। सीएम ने कहा कि परिवहन विभाग ट्रांसपोर्ट का प्रमुख माध्यम है।

# पालिका के छह टयूबवेल पम्पों का किया निरीक्षण

**मवाना,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने शुक्रवार देर रात नगर के छह टयूबवेल पम्पों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छह टयूबवेलों पर आपरेटर तैनात मिले। टयूबवेल पर पानी सम्बंधी रिकार्ड भी पूरा मिला। चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब 7:30 बजे वे प्रीतनगर कालोनी में टयूबवेल पर पहुंचे। वहां पर टयूब आपरेटर तैनात मिला और उसका रजिस्टर पूरा मिला। कितने घंटे बिजली से पम्प चलाया गया, कितने घंटे जनरेटर चलाया, रिकार्ड सही पाया गया। चेयरमैन के अनुसार उन्होंने पालिका बड़ी टंकी के नीचे टयूबवेल, तहसील बाईपास व हस्तिनापुर रोड के पास टयूबवेल, नालंदा कालोनी और अशोक विहार में बने नलकूपों का निरीाण किया। सभी नलकूपों पर आपरेटर अपनी डयूटी पर मिले। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने रजिस्टर आदि की जांच की। उन्होंने कहा कि टयूबवेल पम्पों का आक्समिक निरीक्षण किया जायेगा।





# शोभित विवि में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बेसिक एंड अप्लिएड् साइंसेस विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर स्वच्छ और स्वस्थ ग्रह के लिए सतत विकास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद एवं प्रोफेसर दीप गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभाग के निदेशक प्रो. डॉ. राकेश कुमार जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एन्वायरमेंट की प्रो डॉ.दीप गुप्ता कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, रूड़की यूनिवर्सिटी, रूड़की) रही। उन्होंने पर्यावरण दिवस पर अपने विचारों में जलवायु आपातस्थिति, जैवविविधता के पतन और व्यापक प्रदूषण को स्पष्ट रूप से सम्बोधित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डॉ. राकेश कुमार जैन, निदेशक (स्कूल ऑफ बेसिक और एप्लाइड साइंसेज), डॉ विपिन कुमार त्यागी, शमशाद हुसैन, अजय त्रिपाठी, प्राची एवं छात्रों का विशेष सहयोग रहा।

# शिवानी शर्मा का अंतरराष्ट्रीय हाकी अंपायरिंग कैंप के लिए चयन

**मवाना,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। मेरठ की हाकी अंपायर शिवानी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय हाकी संघ द्वारा क्वालालंपुर मलेशिया में 13 दिसम्बर 2023 से 17 दिसंबर 2023 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय हाकी अंपायरिंग कैंप के लिए चयनित किया गया है। क्वालालंपुर में आयोजित कैंप में अंतरराष्ट्रीय हाकी संघ द्वारा अन्य देशों से भी अंपायरो का चयन किया गया है। शिवानी शर्मा पिछले 4 वर्ष से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग कर रही है और प्रतिदिन एन ए एस कालिज हाकी मैदान पर महिला हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही है। शिवानी शर्मा ने एन ए एस कालिज हाकी मैदान पर ही प्रदीप चिन्योटी से प्रशिक्षण प्राप्त किया है और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश एंव देश का प्रतिनिधित्व किया है। शिवानी शर्मा के चयन पर प्रबंधन सचिव अमित शर्मा एडवोकेट, राजेन्द्र शर्मा, प्राचार्य मनोज अग्रवाल, हाकी संघ के अध्यक्ष विवेक कोहली, क्रीड़ा सचिव संजय दलाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत त्यागी, कोषाध्यक्ष रजनीश कौशल, शिवा भारद्वाज, सुनील शर्मा, प्रभा ठाकुर, मनोज कुमार, जोगेंद्र सिंह, अशोका अकादमी की प्रधानाचार्य पारुल चौधरी, रीमा त्यागी, कुमुद त्यागी, अंतरराष्ट्रीय अंपायर पंकज त्यागी, तजमुल जैदी, संजय शर्मा, भूपेश कुमार, तरुणिका,ज्योति तालियान एंव समस्त खिलाडियों ने शुभकामनाएं दी हैं।



# रजपुरा ब्लॉक में लगा रोजगार मेला, पांच का चयन

**मेरठ,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से जनपद मेरठ के सभी 12 ब्लॉको में रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को रजपुरा ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जीडीएक्स सिक्योरिटी प्रा.लि. कंपनी द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर पद हेतु भर्ती की गई। भर्ती अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर में 10 के आवेनद प्राप्त हुए थे जिसमें मापदण्डों के आधार पर 5 का 14 हजार से लेकर 18 हजार तक के वेतन पर चयन किया गया। सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने बताया कि यह रोजगार मेला जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियो को अधिक से अधिक सेवायोजित कराये जाने के उद्देश्य से लगाया गया है। रोजगार के लिए आवेदनकर्ता की शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक व कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक है।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु



सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियो का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन नहीं है वह भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। 4 दिसम्बर को विकास खंड रोहटा, 5 को हस्तिनापुर, 6 को माछरा, 7 को मवाना, 8 को परीक्षितगढ, 9 को दौराला, 11 को मेरठ, 12 को सरधना, 13 को सरूरपुर तथा 14 दिसम्बर को विकास खंड जानी खुर्द में रोजगार मेला लेगाया जाएगा।

**आयोजन** — *वेंकटेश्वरा संस्थान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन*

# तनाव से राहत के लिए योग व संतुलित आहार जरूरी : यूएस रावत

**मेरठ, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वर संस्थान में तेजी से बदलते परिवेश में संतुलित खान-योग आध्यात्म शांति एवं नींद का महत्व विषय पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर गिरी के विशेष निमंत्रण पर युगांडा में भारत के राजदूत वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी यू.एस. रावत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे।**

उन्होंने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि किस तरह आज भारत की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत योग एवं आध्यात्म को पाश्चात्य देशों ने तो पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है, जबकि हम अपनी ऐतिहासिक विरासत से विमुख होते जा रहे हैं। यह स्वस्थ जीवन शैली के लिए एक बड़ा खतरा होने के साथ-साथ राष्ट्र विकास को भी अवरुद्ध करता है। सेमिनार का शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी, युगांडा में भारत के राजदूत/हाई कमिश्नर यू एस रावत, प्रधान सलाहकार प्रोफेसर वीपीएस अरोड़ा, प्रतिकूलाधिपति डॉ राजीव त्यागी, कमांडेंट डीएस रावत आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि/वक्ता युगांडा में भारत के राजदूत यू एस रावत ने कहा कि आज पूरा विश्व अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, योग, आध्यात्म एवं वैश्विक मुद्दों पर भारत को फॉलो कर रहा है, लेकिन हमारे युवा पीढ़ी पाश्चात्य चमक दमक से दुष्प्रभावित होकर अनियमित दिनचर्या, जंक फूड और नशाखोरी की जकड़ में पड़ती जा रही है, यह किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए शुभ संकेत नहीं है। योग, आध्यात्म, संतुलित आहार, शांति एवं अच्छी नींद यह स्वस्थ एवं सुखी जीवन के पांच तत्व हैं, इन्हें अपनाकर ही भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉ सुधीर गिरि ने कहा कि भारत की समृद्ध विरासत योग एवं आध्यात्म के बल पर युवा पीढ़ी के हॉलिस्टिक डेवलपमेंट से आज भारत दुनिया का सिरमौर है, सरताज है। उन्होंने सभी युवाओं से पाशश्चात जीवन शैली को पूरी तरह छोड़कर ऊपर दिए गए पांच तत्व अपने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी एवं दिल्ली कमांडेंट डीएस रावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ राकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पांडे, डॉ लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ दिव्या गिरधर, डॉ राजेश सिंह, डॉ योगेश्वर शर्मा, डॉ अनिल जायसवाल, डॉ एस एन साहू, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ प्रताप सिंह, अरुण गोस्वामी, डॉ दिनेश सिंह, सुनील कुमार भगवानिया, मारूफ चौधरी, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



- **हॉलिस्टिक डेवलपमेंट से दुनिया का सरताज बना भारत : डॉ. सुधीर**
- **प्रतिकुलाधिपति डा.राजीव त्यागी ने किया मुख्य अतिथि का स्वागत**

# गरीबों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ : मुकेश

**फर्रुखाबाद,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने मीडिया को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना में सभी गरीबों को गांव में ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। संकल्प यात्रा जिले के सभी गांव में पहुंच रही है। श्री राजपूत ने बताया मोदी सरकार के 10 वर्षीय शासनकाल में विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिन गरीब व्यक्तियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड उज्जवला गैस योजना प्रधानमंत्री आवास योजना हर घर नल आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिला है उन्हें तुरंत ही लाभान्वित किया जाएगा।

## सचिन-जिगर ओडिशा के ऐतिहासिक बाली यात्रा में करेंगे परफॉर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ओडिशा के कटक में होने वाले ऐतिहासिक बाली यात्रा में आज परफॉर्म करेंगे। ओडिशा के कटक में आयोजित होने वाले सबसे बड़े त्योहारों में से एक मानी जाने वाली, वार्षिक बाली यात्रा भारत और इंडोनेशिया के बीच प्राचीन व्यापार संबंधों का जश्न मनाती है। इस वर्ष बाली यात्रा में बड़ी संख्या में पर्यटक शामिल होंगे, जिसमें मशहूर संगीत जोड़ी सचिन-जिगर परफॉर्म करेंगे और अपनी आकर्षक प्रस्तुति से जादू बिखेरेंगे। बाली यात्रा में प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक सचिन-जिगर ने संयुक्त रूप से कहा, ऐसे ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना वास्तव में अद्भुत लगता है। हमने हमेशा बाली यात्रा को बहुत आकर्षक पाया है और आज इसका हिस्सा बनना और देश और दुनिया के सभी क्षेत्रों और विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालु के लिए परफॉर्मन्स करने में सक्षम होना।

## मैरी क्रिसमस को सबसे मुश्किल फिल्म मानती है कैटरीना कैफ

**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ फिल्म मैरी क्रिसमस को अपने करियर की सबसे मुश्किल फिल्म मानती हैं।

कैटरीना कैफ ने विजय सेतुपति के साथ फिल्म मैरी क्रिसमस में काम किया है। मैरी क्रिसमस का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। कैटरीना कैफ ने कहा कि मुझे विजय सेतुपति के साथ मैरी क्रिसमस में काम करने का मौका मिला। यह बहुत खूबसूरत था। यह मेरे करियर की अब तक की सबसे कठिन फिल्म है। उस कैरेक्टर ने मेरे अंदर से काफी कुछ बाहर निकाला है और अनुभव शानदार रहा है। मैरी क्रिसमस द्विभाषी फिल्म है। हमने फिल्म को हिंदी और तमिल में शूट किया। मैंने तमिल वर्जन के लिए तमिल में शूटिंग किया। ऐसे में दो-दो बार शूट करना होता था। इसलिए यह मुश्किल था, लेकिन रोमांच से भरा था। मेरे को-स्टार विजय सेतुपति बहुत अद्भुत हैं। जब हम हिंदी शूट करते थे तो वह शानदार होते थे, लेकिन जब हम तमिल में शूट करते थे तो वह एक अलग अभिनेता बन जाते थे। फिल्म 'मैरी क्रिसमस' 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का रंगारंग आगाज, बही सुर-लय-ताल की त्रिवेणी

- ईरान-ऑस्ट्रेलिया के सिनेमा पर अयोध्या में हुई परिचर्चा
- ईरानी अभिनेत्री सना नोरूजबीगी ने साझा किया अनुभव
- ऑस्ट्रेलिया के अभिनेता चार्ल्स थॉमसन ने बताया अयोध्या का महात्म्य




■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। रामनगरी अयोध्या में 17वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का रंगारंग शुभारम्भ शनिवार को गुरुनानक कालेज रायबरेली रोड उसरू के सभागार में हुआ। देश विदेश से पहुंची फिल्मों से जुड़ी हस्तियों ने अयोध्या की परंपराओं को सराहा तो सिनेमा की दुनिया में इसे उभरता हुआ 'डेस्टिनेशन' करार दिया। दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ हुआ। गुरुनानक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्यांजलि के बोल सांसों की सरगम गए से मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के प्रमुख आकर्षण आस्ट्रेलियाई अभिनेता चार्ल्स थॉमसन ने अयोध्या वासियों से नेह का नाता जोड़ा और फिल्मों के निर्माण के लिहाज से प्रदेश में काशी के बाद अयोध्या को तेजी से उभरता नया डेस्टिनेशन करार दिया।

ईरानी फ़िल्म अभिनेत्री सना नोरुजबीगी ने भारत और ईरान के फिल्म सम्बन्धों के साथ सांस्कृतिक संवाद को जारी रखने की पहल की। डेविड ब्राउन ने युवाओं को समय से सक्रिय होकर सिनेमा से जुड़ने और लाभ के मंत्र दिए तो उम्र की बाध्यता की सीमा से परे के सिनेमा के स्वरूप की रूप रेखा प्रस्तुत की।

स्टेट इन्फॉर्मेशन कमिश्नर किरण बाला चौधरी ने अध्यक्षीय सम्बोधन में फिल्म समारोहों की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने सिनेमा को समाज का रूप बताया तो लोगों से ऐसे आयोजन से जुड़ने का भी आह्वान किया। समारोह को अभिनेता लवलेश तनेजा, श्री विश्वनाथ फिल्म्स के संस्थापक अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ वर्मा, 1857 के महानायक रज्जब अली के वंशज जावेद नियाज अहमद ने सम्बोधित किया। आयोजक डॉ. मोहनदास और डॉ. शाह आलम राणा ने इसके पूर्व कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर कार्यक्रम की अयोध्या के संदर्भ में महत्ता और 17 वर्षों से हो रहे आयोजन का सफरनामा भी प्रस्तुत किया।

समारोह के दौरान सिनेमा, साहित्य और सिनेमा के शौकीनों का जमावड़ा हुआ तो अतिथियों ने भी अयोध्या की भव्यता और आयोजन को खूब सराहते हुए शहर में फ़िल्म निर्माण की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। यहां से निकली प्रतिभाओं की बात चली और वेब सीरीज से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से मिलने लाभों से भी दर्शकों को अवगत कराया।


### फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

शनिवार को सत्यशोधक, आई एम द वर्ल्ड, बिसाऊ की मूक रामलीला, टेका एंड टूटी, द वे बैक होम, थैंक्स मॉम, लक्षित, साइलेंट टाइज, द मैजिक प्लेट, बाघ, इयाल, आंगन, कटाई, गुडबाय फॉरएवर, ब्लू गोल्ड, यस सर, नवरस आदि फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई।

### रविवार को दिखाई जाएगी फिल्में

गठबंधन, कान्हाजी, बीड्स ऑफ ब्रेथ, बेड नं. 17, हितनेचा आम्बा, वेव लेंथ, यू कम्प्लीट मी, साधू, लिब्रा, द सेफ, एंटर द रूम, एमोर, कनेक्शन क्या है, रंग, ईवइ द रिपल, एस्केपिंग, मैला, तमाशबीन, डायसाबिलिटी, अगस्त्य, सूर्या, डेड बींग्स और द कनेक्शन आदि फिल्में दिखाई जाएगी।

## 'डंकी' के लिए गाना लिखने के बाद प्रीतम ने शानदार संगीत किया तैयार : जावेद अख्तर



**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर, जो 'शोले', 'बॉर्डर', 'जंजीर', 'डॉन', 'लक्ष्य' और अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने शाहरुख खान अभिनीत आगामी फिल्म 'डंकी' के गाने 'निकले थे कभी हम घर से' के बोल तैयार किए हैं। अनुभवी कलाकार ने साझा किया कि कई गानों के विपरीत जहां धुन पहले बनाई जाती है और गीतकारों को धुन पर लिखने के लिए कहा जाता है, संगीतकार प्रीतम ने उनसे उस धुन के लिए पहले गीत लिखने का अनुरोध किया था जिसे वह बाद में रचनात्मक प्रक्रिया में लिखेंगे। 'डंकी' के निर्माताओं ने 'निकले थे कभी हम घर से' के रूप में रिलीज किया, जिसे सोनू निगम ने खूबसूरती से गाया है। रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, जावेद अख्तर ने कहा कि इस फिल्म में, मेरे पास केवल एक गाना है और दिलचस्प बात यह है कि राजू हिरानी ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि हमने इस गाने को शामिल किया और उन्होंने विशेष रूप से मुझसे इसे लिखने का अनुरोध किया। मुझे उम्मीद है कि आप गाने का आनंद लेंगे, क्योंकि यह अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण अनोखा है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, 'आम तौर पर, मैं धुन तैयार होने के बाद गीत लिखता हूं, लेकिन प्रीतम ने उदारतापूर्वक सुझाव दिया कि मैं पहले गीत लिखूं, और वह उसके अनुसार संगीत तैयार करेंगे, और उन्होंने इसके साथ शानदार काम किया।' सुपरस्टार निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 'डंकी' में बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर भी हैं। जियो स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, यह फिल्म अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखी गई है। 'डंकी' 21 दिसम्बर, 2023 को सिनेमाघरों में आने वाली है।

## गूगल का नया एआई एक्सपेरिमेंट इंस्ट्रूमेंट्स से प्रेरित म्यूजिक बनाने की देता है सुविधा

**सैन फ्रांसिस्को,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। गूगल का नया एआई-संचालित एक्सपेरिमेंट 'इंस्ट्रूमेंट प्लेग्राउंड' आपको दुनिया भर के इंस्ट्रूमेंट्स से प्रेरित म्यूजिक बनाने की सुविधा देता है। गूगल आपको दुनिया भर के 100 से ज्यादा इंस्ट्रूमेंट्स में से एक चुनने की अनुमति देगा जिसे आप प्ले करना चाहेंगे। उदाहरण के लिए, भारत से वीणा या चीन से डिजी या जिम्बाब्वे से एमबीरिया, और म्यूजिकएलएम (एक टेक्स्ट-टू-म्यूजिक एआई टूल) 20 सेकंड का साउंड क्लिप तैयार करेगा।गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि आप रिजल्ट को शेप देने के लिए अपने प्रांप्ट में 'मूडी', हैप्पी या 'रोमांटिक' जैसे शब्द भी जोड़ सकते हैं या फेस्टिव जिंगल बनाने के लिए 'मैरी' या 'जॉयफुल' भी जोड़ सकते हैं। आप कंपोजिशन के कई कंपोनेंट्स जैसे 'एम्बिएंट' 'बीट, और 'पिच' को भी मोडिफाई कर सकते हैं। गूगल आर्ट्स एंड कल्चर लैब के आर्टिस्ट साइमन डौरी ने इस एक्सपेरिमेंट को डिजाइन किया। गूगल ने कहा कि दुनिया भर के 10 इंस्ट्रूमेंट्स की खोज करके अपनी जर्नी शुरू करें और भारत, कोरिया, जापान या ब्राजील के ट्रेडिशनल इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूजिक के बारे में और जानें। मई में, गूगल ने 'म्यूजिकएलएम' एक नया एक्सपेरिमेंटल एआई टूल जारी किया है जो टेक्स्ट डिस्क्रिप्शन दिए गए किसी भी शैली में म्यूजिक जनरेट कर सकता है इस टूल की पहली बार घोषणा इस साल जनवरी में की गई थी और अब यह जनता के लिए उपलब्ध है।

## इंडिया पोस्ट और अपोलो कैंसर सेंटर्स ने साथ मिलकर 'स्टैम्प आउट चाइल्डहुड कैंसर' अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** चाइल्डहुड कैंसर के प्रति जागरूकता और समर्थन बढ़ाने की एक हृदयस्पर्शी पहल में, अपोलो कैंसर सेंटर्स 'स्टैम्प आउट चाइल्डहुड कैंसर' अभियान के अधीन एक स्मारकीय डाक टिकट लॉन्च करने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ सहयोग कर रहा है। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य केवल जागरूकता पैदा करना ही नहीं बल्कि लोगों को चाइल्डहुड कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक साथ लाना एवं आशा, शक्ति तथा एकता का गहन संदेश देना भी है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक पेडियेट्रिक कैंसर सर्वाइवर की उपस्थिति थी, जिसका साहस और दृढ़ संकल्प कई लोगों के लिए प्रेरणा रहा है। उन्हें इस डाक टिकट का अनावरण करने का सम्मान मिला जो चाइल्डहुड कैंसर से उत्पन्न चुनौतियों से उबरने वाले बच्चों और परिवारों की अटूट भावना को दर्शाता है। लॉन्च के दौरान, अपोलो कैंसर सेंटर्स और इंडिया पोस्ट के बीच इस महत्वपूर्ण सहयोग का जश्न मनाते हुए 60,000 डाक टिकट जारी किए गए।

## ग्रेनो का 10 माह का बच्चा बना 'द डॉक्यूमेंट बॉय'

**नोएडा,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटरनोएडा के गौर सिटी में रहने वाले बच्चे रिवांश मिश्रा ने मात्र 10 माह की उम्र में विश्व के 6 रिकॉर्ड तोड़कर ग्रैंड मास्टर का खिताब जीत लिया है। अब उसे 'द डॉक्यूमेंट बॉय' के नाम से जानने लगे है। 10 माह के रिवांश के पास वह सभी दस्तावेज है जो बड़े-बड़े बुजुर्गों के पास नहीं बन पाते। रिवांश के पिता मयंक मोहित मिश्रा जलसंरक्षण के क्षेत्र में काम करते है। उन्होंने पहला दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र के बाद आधार कार्ड मात्र तीन दिन में ही बना लिया था।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले रिवांश ने मात्र दो माह की उम्र में अपने तमाम प्रमाण पत्र बनवा लिए और उसके बाद 10 माह की उम्र तक उसने 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड और 8 अवार्ड पाकर देश का नाम गौरवांवित किया है। रिवांश के पिता मयंक मोहित के मुताबिक 99 दिनों में रिवांश ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' और 4 महीने की उम्र में 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' में अपना नाम दर्ज करा लिया। अब रिवांश का रिकॉर्ड गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी मूल्यांकन हेतु गया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन डिजिटल इंडिया के माध्यम से मात्र 3 दिन में रिवांश राभ्य मिश्रा का आधार कार्ड प्राप्त हुआ

### 10 माह की उम्र में 18 डॉक्यूमेंट बनाकर तोड़े 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

मोहित ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चे के लिए इतनी छोटी सी उम्र में ही डिजिटल इंडिया पर वह सब दस्तावेज हासिल कर दिए जिसके लिए माता-पिता बनकर भी तमाम लोग अधेड़ उम्र तक दस्तावेजों के लिए इधर-उधर धक्के खाते रहते हैं। रिवांश मिश्रा के पिता मोहित मिश्रा पर्यावरण विज्ञानी है और उनके घर में बच्चे रिवांश का जन्म 15 जनवरी 2023 को हुआ था। वह अभी नमामि गंगे के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। और बच्चे की मां भी ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट से उच्च शिक्षा प्राप्त करके एक बड़ी महिला उद्यमी के रूप में काम कर रही हैं ।




■ 6 रिकार्ड तोड़कर हासिल किया, ग्रैंड मास्टर का खिताब, 15 से ज्यादा है दस्तावेज

### अब तक बन चुके डॉक्यूमेंट

मोहित ने बताया कि रिवांश राभ्य मिश्रा का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, गवर्नमेंट वैक्सीनेशन कार्ड, पैन कार्ड, ABHA कार्ड, बैंक अकाउंट, पीपीएफ अकाउंट, किसान विकास पत्र, एलआईसी, आरडी, FD, डेबिट कार्ड और चेक बुक, मूल निवास प्रमाण पत्र, इंडिया पोस्ट ऑफिस अकाउंट बन चुका है। एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स ने बच्चे के इस रिकॉर्ड को ग्रैंड मास्टर नाम से एक टाइटल दिया है और अगले अंक में इस टाइटल का प्रकाशन भी किया जाएगा। रिवांश को अब सब 'द डॉक्यूमेंट बॉय' के नाम से जानने लगे हैं ।



## 'देवदास' मेरी पसंदीदा बॉलीवुड फिल्म : गुसलगी मालंडा

**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव में भाग लेने के लिए सीजर पुरस्कार विजेता फ्रांसीसी अभिनेत्री गुसलगी मालंडा इन दिनों दिल्ली में हैं। गुस्लागी की फिल्म 'सेंट ओमर' ने फिल्म महोत्सव की शुरुआत की थी। गुसलगी ने कहा कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की देवदास उनकी अब तक की सबसे पसंदीदा हिंदी फिल्म है। अभिनेत्री खुद को शहर की जीवंत संस्कृति में डुबो रही है और दिल्ली के पाक व्यंजनों की भी दीवानी हो गई है।


दिल्ली में अपने 5 दिवसीय प्रवास के दौरान, मलंदा शहर की स्थानीय संस्कृति को आत्मसात करेंगी। बॉलीवुड के बारे में पूछे जाने पर गुसलगी मलंदा ने सदाबहार क्लासिक, 'देवदास' के प्रति अपना प्यार साझा किया। फ्रांसीसी अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्होंने यह फिल्म कई बार देखी है और उन्होंने प्रत्येक अभिनेता के प्रदर्शन की प्रशंसा करती हैं। संजय लीला भंसाली निर्देशित यह फिल्म उनकी पसंदीदा बॉलीवुड फिल्मों में से एक के रूप में उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। शाहरुख खान अभिनीत यह फिल्म 1917 में शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है, और एक अमीर कानून स्नातक देवदास मुखर्जी (एसआरके) की कहानी बताती है, जो अपने बचपन की दोस्त पार्वती 'पारो' (ऐश्वर्या राय बच्चन) से शादी करने के लिए लंदन से लौटता है।

## जीनत अमान, शबाना आजमी के साथ अंजलि आनंद फिल्म 'बन टिक्की' में शामिल

**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में गायत्री रंधावा की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि आनंद आगामी फिल्म 'बन टिक्की' के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान और शबाना आजमी और अभिनेता अभय देओल भी हैं।

'बन टिक्की' फराज अंसारी द्वारा लिखित और निर्देशित है और इसे सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन हाउस में बनाया जाएगा।

यह फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद शबाना आजमी के साथ अंजलि की दूसरी फिल्म भी होगी। फिलहाल फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है लेकिन शूटिंग शुरू हो चुकी है।





कहानी को एक ताजा और संवेदनशील अवधारणा के रूप में संदर्भित किया जा रहा है, और यह एक और सीमा तोड़ने वाली फिल्म बनने के लिए तैयार है।

## व्यवसायी ने उप-सरपंच चुने गए भाई को 'हेलीकॉप्टर की सवारी' का उपहार दिया

**सांगली (महाराष्ट्र),** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। अपने भाई को करगानी गांव का उप-सरपंच चुने जाने से खुश होकर, हरियाणा के एक व्यवसायी ने उन्हें अपने गांव में 20 मिनट की हेलीकॉप्टर यात्रा का एक यूनिक उपहार देने का फैसला किया। इस घटना से उनकी बहन के खिलाफ 20 साल पुरानी 'प्रतिज्ञा' का भी अंत हो गया, जिसने तब सरपंच पद के लिए चचेरे भाई के खिलाफ वोट देकर परिवार को धोखा दिया था।

हरियाणा के हिसार में महालक्ष्मी हॉलमार्क सेंटर चलाने वाले अंकुश डी. खिलारे (37) उस समय सातवें आसमान पर थे जब उन्होंने सुना कि उनके बड़े भाई साहेबराव डी. खिलार (50) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेता हैं, जो नवम्बर 2023 में अपने गांव के नए उप सरपंच के रूप में चुने गए। अंकुश इस हफ्ते हरियाणा से यहां अपने पैतृक स्थान पहुंचे और गुरुवार (30 नवंबर) की दोपहर में अपने दो बड़े भाई-बहनों साहेबराव और हिंदुराव को करगानी गांव के आसपास एक यादगार उड़ान के लिए प्रायोजित किया, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने 'थैंक्सगिविंग' के रूप में यहां प्रसिद्ध भगवान राम मंदिर की परिक्रमा की।

